卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 154 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर ( ऊधमसिंहनगर ) ♦बृहस्पतिवार ♦12 मार्च 2026 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in


## सदन में गूंजा मिलावटखोरी और भर्ती घोटाले का मुद्दा

देहरादून (उद संवाददाता)। उत्तराखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान गुरुवार को सदन की कार्यवाही हंगामेदार रही। कार्यवाही शुरू होते ही कांग्रेस ने नियम 310 के तहत प्रदेश में बढ़ती बेरोजगारी, भर्ती प्रक्रियाओं में देरी और भर्ती घोटालों की सीबीआई जांच की मांग को लेकर भारी शोर-शराबा किया। संसदीय कार्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि मामला न्यायालय और सीबीआई के पास लंबित होने के कारण इस पर चर्चा नहीं हो सकती, जिससे नाराज विपक्ष चर्चा की मांग पर अड़ा रहा। भारी हंगामे के बीच आखिरकार प्रश्नकाल शुरू हुआ, जिसमें खाद्य सुरक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े गंभीर सवाल उठाए गए। विधायक बृजभूषण गैरोला द्वारा खाद्य पदार्थों में मिलावट को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने चौंकाने वाले आंकड़े पेश किए। उन्होंने बताया कि पिछले दो वर्षों में राज्य भर से लिए गए कुल 3,311 सैंपलों में से 330 सैंपल फेल पाए गए हैं, जिनके मामले फिलहाल विभिन्न न्यायालयों में (शेष पृष्ठ सात पर)



## हादसे में बाईक सवार की मौत,तीन घायल

### काशीपुर मार्ग पर अज्ञात वाहन ने दो बाईकों को मारी टक्कर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बुधवार की रात्रि काशीपुर मार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से दो बाईकों पर सवार चार युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। जिनमें एक युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। जबकि तीन अन्य घायल युवकों को उपचार के लिए निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार बिलासपुर थाना क्षेत्रांन्तर्गत पदमा कालोनी निवासी चार युवक रात्रि करीब 9 बजे दो बाईकों पर सवार होकर काशीपुर मार्ग की ओर से घर वापस लौट रहे थे। रास्ते में तेज गति से जाते अज्ञात वाहन ने बाईकों को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में चारों युवक पद्मा कालोनी, डिबडिबा निवासी 24 वर्षीय संजीव पुत्र रामबाबू, 28 वर्षीय सोमपाल पुत्र रामदास, नरपत नगर जाफरपुर निवासी 25 वर्षीय विजय कश्यप पुत्र भूरा व एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। सभी को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया। मामले की सूचना मिलने पर युवकों के परिजन भी चिकित्सालय आ पहुंचे। चिकित्सालय में चारों की हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें हायर सेंटर रैफर कर दिया गया। परिजन उन्हें उपचार के लिए निजी चिकित्सालय ले गये। जहां संजीव की हालत में कोई सुधार न होने पर उसे वापस जिला अस्पताल लाया गया। जहां (शेष पृष्ठ सात पर)



## गैस के लिए नहीं थम रही मारामारी,एजेंसी पर हंगामा

### ठुकराल ने एजेंसी प्रबंधक को सुनाई खरी-खोटी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। रसोई गैस की किल्लत को लेकर मचा हाहाकार थमने का नाम नहीं ले रहा है। बृहस्पतिवार को स्थिति उस समय बेकाबू हो गई जब गैस प्राप्त करने के लिए इंडेन गैस एजेंसी के गोदाम पर हजारों लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। घंटों इंतजार के बाद भी गैस न मिलने से नाराज उपभोक्ताओं ने मौके पर जमकर हंगामा किया। अव्यवस्था की सूचना मिलते ही पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल समर्थकों के साथ मौके पर पहुंचे और वितरण प्रणाली में सुधार न होने पर कड़ा रोष व्यक्त किया। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने मौके पर ही गैस एजेंसी के प्रबंधक प्रमोद पाण्डे को आड़े हाथों लिया और अव्यवस्था को लेकर उन्हें जमकर खरी-खोटी सुनाई। ठुकराल ने कहा कि भीषण गर्मी में लोग सुबह से ही लाइनों में लगे हैं, लेकिन उन्हें संतोषजनक जवाब नहीं मिल रहा है। उन्होंने मौके से ही दूरभाष पर एडीएम , तहसीलदार दिनेश कुटौला, एसडीएम और जिला पूर्ति अधिकारी से वार्ता की। ठुकराल ने (शेष पृष्ठ सात पर)




**आवश्यकता है**

एक जीएसटी अनुभवी एकाउन्टेंट की।
-सम्पर्क करें-
मोबाईल नम्बर
9548200711
8218640588


## हर गैस गोदाम पर तैनात होगा पुलिस बल: एसएसपी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जनपद में घरेलू गैस की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करने और अवैध रिफिलिंग पर पूर्णतः अंकुश लगाने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति ने कड़ा रुख अपनाया है। एसएसपी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जनपद के सभी क्षेत्राधिकारियों और थाना प्रभारियों के साथ समीक्षा बैठक कर स्पष्ट निर्देश दिए कि गैस की कालाबाजारी करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा न जाए। बैठक में सुरक्षा और पारदर्शी वितरण के लिए नई व्यवस्था लागू करने के निर्देश जारी किए गए। एसएसपी अजय गणपति ने बताया कि जिलाधिकारी के (शेष पृष्ठ सात पर)



## पहले आओ-पहले पाओ की तर्ज पर घर पहुंचेगा सिलेंडर

### कालाबाजारी और रिफिलिंग करने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

रूद्रपुर। घरेलू गैस की कालाबजारी, भण्डारण, रिफिलिंग करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करें। यह निर्देश जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने जिला सभागार में ईधन गैस सम्बन्धित बैठक लेते हुए अधिकारियों को दिये। जिलाधिकारी ने जनता से अपील की है कि अफवाहों पर विश्वास न करें। उन्होने कहा कि घरेलू गैस सामान्य स्थिति है पर ऑन लाईन गैस बुकिंग करने पर निर्धारित समय में गैस घर पर ही उपलब्ध करायी जा रही है। उन्होने कहा कि जो भी गैस बुकिंग पहले करायेगा उन्हे पहले गैस सिलेण्डर डिलिवरी की जायेगी। उन्होने कहा जनपद में 40 गैस डिलिवरी केन्द्र है जहां से सभी को वाहनों के माध्यम से घरो पर गैस डिलिवरी की जाती है। उन्होने जनता से अपील की है कि वे अनिवार्य रूप से ऑन लाइन गैस बुकिंग करें व पहले आओ पहले पाओ की तर्ज पर गैस डिलिवरी घर पर पाये। उन्होने कहा कि गैस डिलिवरी केन्द्र (शेष पृष्ठ सात पर)



## एसबीआई कर्मचारी बनकर 1.80 लाख की ठगी

### व्हाट्सअप पर एपीके फाइल भेजकर किया मोबाइल हैक

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ऊधम सिंह नगर जनपद में साइबर अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। ताजा मामले में शातिर ठगों ने एसबीआई क्रेडिट कार्ड विभाग का कर्मचारी बनकर एक युवक को झांसे में लिया और उसके खाते से करीब 1 लाख 79 हजार 985 रुपये की ऑनलाइन धोखाधड़ी को अंजाम दिया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर अज्ञात साइबर ठग के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।ट्रांजिट कैंप थाना क्षेत्र के अंतर्गत आवास विकास (बैंक ऑफ बड़ौदा के पास) निवासी शंकर शील पुत्र शिव कुमार शील ने साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में दी तहरीर में बताया कि बीते 2 मार्च को उनके मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से कॉल आई। फोन करने वाले ने खुद को एसबीआई के क्रेडिट कार्ड विभाग का कर्मचारी सुरेश बताया। उसने शंकर को विश्वास में लेते हुए कहा कि उनका क्रेडिट कार्ड बंद होने वाला है और इसे चालू रखने के लिए एक प्रक्रिया पूरी करनी होगी। ठग ने आधिकारिक दिखाने के लिए एसबीआई के लोगो वाले व्हाट्सअप नंबर का इस्तेमाल किया और पीड़ित को एक एपीके फाइल भेजी।झांसे में आए शंकर शील ने जैसे ही उस एपीके फाइल को डाउनलोड किया, उनके मोबाइल का एक्सेस संभवतः साइबर ठग के पास पहुंच गया। ऐप के भीतर खुले एक फॉर्म में पीड़ित ने अपने क्रेडिट कार्ड का नंबर, जन्मतिथि और सीवीसी कोड दर्ज कर दिया। जानकारी साझा करते ही कुछ ही समय के भीतर उनके क्रेडिट कार्ड से 79,998 रुपये और 99,987 रुपये के दो ट्रांजैक्शन हो गए। खाते से कुल 1,79,985 रुपये कटने का मैसेज देख पीड़ित के होश उड़ गए। जब उन्होंने वापस उस नंबर पर कॉल की तो वह बंद मिला। (शेष पृष्ठ सात पर)

## धामी की दो टूक, हिंदुत्व मुद्दे पर ही चलेगी सरकार

### विधानसभा में धामी ने विपक्ष और नौकशाही को दिया स्पष्ट संदेश,सनातन संस्कृति से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं

गैरसैण(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का विधानसभा में भाषण न सिर्फ विपक्ष के लिए बल्कि नौकरशाही के लिए भी स्पष्ट संदेश दे गया कि उनकी सरकार हिंदुत्व के सनातन के एजेंडे पर चलेगी। श्री धामी ने विधानसभा में दिए अपने डेढ़ घंटे से भी अधिक लंबे भाषण में कई बार देवभूमि के सांस्कृतिक स्वरूप को कायम रखने की बात कही। उनके संबोधन में सनातन संस्कृति से खिलवाड़ करने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा, ऐसे संदेश स्पष्टता से दिए गए। श्री धामी ने मदरसा बोर्ड खत्म किए जाने का भी उल्लेख करते हुए कहा कि मदरसों में कट्टरपंथी ,जिहादी, चार सौ साल पुरानी शिक्षा को अब नहीं पढ़ाया जाएगा। उन्होंने ये तक कह दिया कि मदरसे आतंकवाद की फैक्ट्री है। श्री धामी ने थूक जिहाद,लैंड जिहाद, लव जिहाद जैसी घृणित मानसिकता को सहन नहीं करने के अपने संकल्प को दोहराया और कहा कि हमारी सरकार ने इसके खिलाफ कठोर कानून बनाए है। उन्होंने कहा कि धर्मांतरण रोकने के कानून, दंगा विरोधी कानून देवभूमि के लिए जरूरी थे ताकि यहां का सांस्कृतिक स्वरूप बना रहे , उन्होंने कहा कि हम आने वाली पीढ़ी को सुरक्षित देवभूमि उत्तराखंड देना चाहते है। श्री धामी ने उत्तराखंड में हो रहे डेमोग्राफी चेंज पर भी स्पष्ट कहा कि घुसपैठियों को देवभूमि में सरकारी भूमि पर अतिक्रमण नहीं करने दिया जाएगा ,हमने 12 हजार एकड़ सरकारी भूमि अतिक्रमण से मुक्त कराई है और ये अभियान जारी रहेगा। श्री धामी ने सरकारी भूमि पर अतिक्रमण कराने के लिए कांग्रेस की तुष्टिकरण नीति को जिम्मेदार ठहराया और कहा कि अतिक्रमण को संरक्षण देने वाले कांग्रेस के नेता हाईकोर्ट ,सुप्रीम कोर्ट में जाकर अतिक्रमण करने वालों को संरक्षण देते है। श्री धामी ने अवैध मजारों के खिलाफ अपनी सरकार के अभियान को जरूरी बताते हुए कहा कि नकली मजारों का खेल देवभूमि में नहीं चलेगा। सरकारी भूमि पर लैंड जिहाद की मानसिकता को कांग्रेस शासनकाल में पनपने दिया गया हमारी सरकार इस अभियान को जारी रखेगी। श्री धामी ने अपनी सरकार के सनातन एजेंडे को आगे रखते हुए (शेष पृष्ठ सात पर)



# गैरसैंण पहाड़ की आकांक्षाओं,उम्मीदों और स्वाभिमान का प्रतीक : धामी

## मुख्यमंत्री ने विधानसभा में सरकार की उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं का रखा विस्तृत खाका

भराड़ीसैंण (उद संवाददाता)। भराड़ीसैंण स्थित विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सरकार की उपलब्धियों, नीतियों और भविष्य की योजनाओं का विस्तृत खाका प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार विकल्प रहित संकल्प के साथ उत्तराखंड को समृद्ध, सशक्त और आत्मनिर्भर राज्य बनाने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन की शुरुआत देवभूमि के देवी देवताओं, देश के लिए बलिदान देने वाले शहीदों और उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारियों को नमन करते हुए की। उन्होंने कहा कि राज्य निर्माण के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले आंदोलनकारियों के त्याग और संघर्ष के कारण ही आज उत्तराखंड विकास की नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार के लिए गैरसैंण केवल भौगोलिक स्थान नहीं बल्कि यह पहाड़ की आकांक्षाओं, उम्मीदों और स्वाभिमान का प्रतीक है। गैरसैंण उस संकल्प का प्रतीक है जिसके लिए उत्तराखंड राज्य निर्माण आंदोलन चला था। इसलिए सरकार ने अपने कार्यकाल में न केवल गैरसैंण को अपने हृदय में बसाए रखा बल्कि यह भी सुनिश्चित करने का प्रयास किया कि सरकार की प्रत्येक रीति और नीति में गैरसैंण की छाप हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड राज्य के गठन का श्रेय पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को जाता है जिन्होंने इस राज्य की नींव रखी। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य को नई दिशा और गति मिल रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 2021 में केदारनाथ की पावन धरा से कहा था कि 21वीं सदी का तीसरा दशक उत्तराखंड का दशक होगा। राज्य सरकार इस संकल्प को साकार करने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है और विकास की योजनाओं को धरातल पर उतारने में जुटी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि इस बार प्रस्तुत बजट कई मायनों में ऐतिहासिक है। यह वर्तमान विधानसभा का अंतिम पूर्णकालिक बजट होने के साथ साथ राज्य के आगामी विकास की दिशा तय करने वाला दस्तावेज भी है। वर्ष 2026 27 के लिए प्रस्तुत बजट का आकार 1 लाख 11 हजार करोड़ रुपये है जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 10 प्रतिशत अधिक है। यह बजट केवल आय व्यय का दस्तावेज नहीं है बल्कि राज्य के सवा करोड़ लोगों की आकांक्षाओं और उम्मीदों का प्रतिबिंब है। बजट में मातृशक्ति के सम्मान, युवाओं के उत्थान, किसानों के कल्याण, विज्ञान एवं नवाचार के विकास, सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और पर्यटन के विस्तार जैसे सभी क्षेत्रों में संतुलित विकास का प्रयास किया गया है। विपक्ष के आरोपों का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार केवल घोषणाएं नहीं करती बल्कि उन्हें



समयबद्ध तरीके से पूरा भी करती है। मुख्यसेवक के रूप में की गई 3885 घोषणाओं में से 2408 घोषणाओं को धरातल पर उतारा जा चुका है और शेष पर तेजी से काम चल रहा है। सरकार का उद्देश्य केवल योजनाएं बनाना नहीं बल्कि उन्हें परिणामों में बदलना है ताकि विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके। आर्थिक प्रगति का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले चार वर्षों में राज्य की अर्थव्यवस्था में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। राज्य की जीएसडीपी में तेजी से बढ़ोतरी हुई है और प्रति व्यक्ति आय में लगभग 41 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। राज्य बजट का आकार भी 60 हजार करोड़ रुपये से बढ़कर 1 लाख 11 हजार करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। इसके साथ ही निवेश, उद्योग और पर्यटन के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय प्रगति हुई है। सरकार ने रोजगार और स्वरोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए 30 से अधिक नई नीतियां लागू की हैं जिसके परिणामस्वरूप राज्य में 20 हजार से अधिक नए उद्योग स्थापित हुए हैं और स्टार्टअप की संख्या 700 से बढ़कर लगभग 1750 हो गई है। पर्यटन, होटल और होमस्टे क्षेत्र में भी तेजी से वृद्धि हुई है जिससे स्थानीय युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिल रहे हैं। हेली सेवाओं और हेलीपोर्ट की संख्या बढ़ने से भी पर्यटन और कनेक्टिविटी को नई गति मिली है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने राज्य में नकल माफिया और भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है। उत्तराखंड में देश का सबसे सख्त नकल विरोधी कानून लागू किया गया है जिसके बाद भर्ती परीक्षाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित हुई है। पिछले साढ़े चार वर्षों में 30 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरियां दी गई हैं। इसके अलावा भ्रष्टाचार के मामलों में आईएएस और पीसीएस स्तर के अधिकारियों सहित 200 से अधिक लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड देश का पहला राज्य है जहां समान नागरिक संहिता लागू की गई है। इस कानून के माध्यम से महिलाओं को समान अधिकार मिले हैं और समाज में समानता तथा न्याय की भावना को मजबूती मिली है। सरकार ने राज्य की सांस्कृतिक पहचान को सुरक्षित रखने के लिए सख्त भू कानून और धर्मांतरण विरोधी कानून जैसे कदम भी उठाए हैं। इन्फ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में केंद्र और राज्य सरकार के सहयोग से उत्तराखंड में लगभग दो लाख करोड़ रुपये से अधिक की लागत से विभिन्न विकास परियोजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। सड़क, रेल, रोपवे और हवाई कनेक्टिविटी को मजबूत बनाने के लिए ऋषिकेश कर्णप्रयाग रेल परियोजना और चारधाम ऑल वेदर रोड परियोजना जैसी योजनाएं राज्य के विकास को नई गति देंगी। किसानों की आय बढ़ाने के लिए उन्हें तीन लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है और कृषि उपकरणों पर 80 प्रतिशत तक सब्सिडी दी जा रही है। महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए संचालित योजनाओं से प्रदेश की करीब 1 लाख 70 हजार महिलाएं लखपति दीदी बन चुकी हैं। अंत में मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य पर्यावरण और अर्थव्यवस्था के बीच संतुलन स्थापित करते हुए उत्तराखंड का समग्र विकास सुनिश्चित करना है।

# प्रभु की भक्ति ही मानव उद्धार का एकमात्र मार्ग: नारायण चैतन्य

## वैष्णवी शक्तिपीठ आश्रम में श्रीमद् भागवत कथा का भव्य शुभारंभ

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आदर्श कॉलोनी स्थित नारायण वैष्णवी शक्तिपीठ आश्रम (ब्रह्मलीन स्वर्ग फार्म वाली देवी जी का स्थान) में श्रीमद् भागवत कथा का भक्तिमय शुभारंभ हुआ। कथा के प्रथम दिवस का पूजन दिल्ली से पधारे महंत भजन प्रकाश अरोड़ा द्वारा विधि-विधान से संपन्न कराया गया। इसके पश्चात व्यास पीठ से कथा व्यास नारायण चैतन्य ब्रह्मचारी महाराज ने त्रिशक्ति धाम में उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रभु भक्ति और मानव उद्धार के प्रसंगों का सार सुनाते हुए भागवत महापुराण के महत्व पर प्रकाश डाला।कथा व्यास ने श्रीमद् भागवत की भूमिका बांधते हुए सूत जी और ऋषियों के संवाद का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि जब मुनियों ने सूत जी से अल्प समय में मनोवांछित फल देने वाले व्रत के बारे में पूछा, तब सूत जी ने नारद-विष्णु संवाद के माध्यम से सत्यनारायण कथा और भागवत के महात्म्य को समझाया। व्यास जी ने प्रसंग सुनाया कि एक बार देवर्षि नारद मृत्युलोक के प्राणियों को कष्ट में देखकर व्याकुल हो उठे और उनके दुखों के निवारण हेतु श्रीहरि विष्णु के पास पहुंचे। नारद जी की करुण पुकार पर भगवान नारायण ने उन्हें बताया कि कलियुग में केवल प्रभु की भक्ति और उनकी कथा श्रवण से ही जीव के समस्त क्लेशों का नाश हो सकता है।कार्यक्रम के दौरान व्यास जी ने आत्मदेव की कथा का भी विस्तृत वर्णन किया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कथा के समापन पर भव्य आरती का आयोजन किया गया, जिसके पश्चात सभी भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान में श्याम खुराना, सतनाम सिंह, राजीव ग्रोवर, राजेश आनंद, नरेश घई, अनिल, जगदीश, जतिन नागपाल, अमित गंभीर, आयुष तनेजा, हनी ग्रोवर, लक्ष्य शर्मा, अरविंद मिश्रा, सुनीता, कंचन, प्रीति, जया, निशा, कोमल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।





# एचपीवी टीकाकरण के प्रति किशोरियों में खासा उत्साह : दीपा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देश में किशोरियों की बच्चेदानी की सुरक्षा के लिए गत 28 फरवरी से प्रारम्भ किये गये एचपीवी टीकाकरण अभियान के प्रति किशोरियों में काफी उत्साह दिखाई दे रहा है। जिला चिकित्सालय में कार्यरत एएनएम दीपा जोशी ने बताया कि अभियान के तहत अभी तक दर्जनों किशोरियों द्वारा चिकित्सालय के टीकाकरण कक्ष में आकर टीका लगवा लिया गया है। उन्होंने बताया के आगामी 31 मई तक चलने वाले इस अभियान में सप्ताह में चार दिन सोमवार, मंगलवार, गुरूवार व शुक्रवार को टीकाकरण किया जा रहा है। श्रीमती जोशी ने बताया कि अभियान को सफल बनाने के लिए उनके द्वारा समस्त आशा व आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं सहित स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के माध्यम से किशोरियों को टीकाकरण के लिए जागरूक किया जा रहा है। ताकि अधिक से अधिक किशोरियों को प्रधानमंत्री की इस योजना का लाभ मिल सके। उन्होंने बताया कि जिन किशोरियों ने टीकाकरण करवाया है उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की खुलकर सराहना की है। उनका कहना है कि देश में पहली बार किसी प्रधानमंत्री ने किशोरियों के जीवन सुरक्षा के बारे में इतनी दूर तक सोचा है। जिसके लिए वह प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करती हैं। उन्होंने इस अभियान को सफल बनाने के लिए एएनएम दीपा जोशी द्वारा चलाये जा रहे जागरूकता अभियान की भी सराहना की।



# सीएम से पसमांदा कल्याण बोर्ड के गठन की मांग

सितारगंज(उद संवाददाता)। पसमांदा मंच के कार्यकर्ताओं ने समाज में आर्थिक एवं शैक्षिक पिछड़ापन को दूर करने के लिए पसमांदा कल्याण बोर्ड एवं प्रतिनिधित्व लागू करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि इससे समाज के हितों की पहचान होगी, इसके साथ ही योजनाओं के क्रियान्वयन तथा अभिसरण के लिए पसमांदा कल्याण बोर्ड निगरानी रख सकेगा। हिंदुस्तानी पसमांदा मंच के प्रदेश संयोजक तस्लीम अंसारी ने मुख्यमंत्री को भेजे ज्ञापन में कहा है कि समाज के लोग अन्य समुदाय की अपेक्षा आर्थिक और शैक्षिक दृष्टि से काफी पिछड़े हुए हैं। जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समाज को मुख्य धारा के साथ जोड़ने पर बल दे रहे हैं। उन्होंने समाज को मुख्य धारा से जोड़ने के लिए राज्य सरकार से ठोस कदम उठाए जाने का अनुरोध किया है। इसके अलावा पसमांदा मंच ने राज्य स्तर पर पसमांदा कल्याण बोर्ड के गठन की मांग की है। प्रदेश संयोजक तस्लीम अंसारी ने कहा कि बोर्ड का गठन होने के बाद समाज के हितों की आसानी से पहचान होगी। इसके अलावा वक्फ बोर्ड, अल्पसंख्यक आयोग, अल्पसंख्यक शिक्षा संस्थान, अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति बोर्ड प्रशासनिक संस्थानों में पसमांदा समुदाय को उनकी योग्यता और जनसंख्या अनुपात के अनुसार प्रतिनिधित्व करने की भागीदारी भी मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि पसमांदा समाज ने हमेशा राष्ट्रहित, सामाजिक सौहार्द की रक्षा में कार्य किया है। कहा कि पसमांदा समाज के संगठन और कार्यकर्ता राष्ट्रभक्ति के माध्यम से समाज को मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य कर रहे हैं। वक्फ बोर्ड में भ्रष्टाचार और असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई में भी उनकी सक्रिय भूमिका रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से सहानुभूति पूर्वक विचार कर पसमांदा समाज के आर्थिक शैक्षिक, सामाजिक विकास के लिए नीतिगत निर्णय लेने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में रमजानी खान, अब्दुल शमी, जलील अहमद, शमशुद्दीन, नाजिम खान, छोटा, यासीन सलमानी, वसीम आदि मौजूद थे।



# आजाद नगर में सड़क पर अतिक्रमण से जनता बेहाल

गदरपुर (उद संवाददाता)। नगर पालिका परिषद गदरपुर के वार्ड नंबर 10, आजाद नगर क्षेत्र में सड़क पर बढ़ते अतिक्रमण को लेकर स्थानीय निवासियों में गहरा रोष व्याप्त है। दुकानदारों द्वारा सड़क पर सामान रखकर रास्ता अवरुद्ध करने की शिकायतों के बीच वार्ड की सभासद शबाना पत्नी नाजिर ने नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी को लिखित शिकायत पत्र सौंपकर तत्काल कार्रवाई की मांग की है।शिकायत पत्र में सभासद शबाना ने बताया कि वार्ड के आजाद नगर क्षेत्र में राजू स्वीट्स से लेकर पूर्व पालिकाध्यक्ष के घर के सामने वाली सड़क पर बड़े पैमाने पर अतिक्रमण किया जा रहा है। आरोप है कि थाने के सामने हामिद की दुकान से लेकर मदान फोटो स्टेट और लवली कॉस्मेटिक के आगे तक दुकानदारों ने सड़क पर ही धार्मिक पोस्टर, फोटो स्टेट मशीनें और अन्य व्यापारिक सामग्री रख दी है। इस अतिक्रमण के कारण मुख्य मार्ग अत्यंत संकरा हो गया है, जिससे पैदल यात्रियों और वाहन चालकों को निकलने में भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासियों और सभासद ने पत्र के माध्यम से प्रशासन को सचेत किया है कि दुकान के बाहर जिस प्रकार धार्मिक सामग्री रखी जा रही है, उससे क्षेत्र के लोगों की भावनाएं आहत हो रही हैं और इससे भविष्य में माहौल खराब होने की आशंका बनी हुई है। सभासद शबाना ने नगर पालिका प्रशासन से अनुरोध किया है कि जनहित में इस अतिक्रमण को तत्काल हटाया जाए और संबंधित दुकानदारों के खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। अब देखना यह होगा कि नगर पालिका प्रशासन इस गंभीर मामले में कितनी जल्दी ठोस कदम उठाता है।

# लोक कलाकार दीवान कनवाल के निधन पर जताया गहरा शोक

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश के प्रसिद्ध लोक कलाकार दीवान कनवाल के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि दीवान कनवाल ने उत्तराखंड की समृद्ध लोक संस्कृति और पारंपरिक लोक संगीत को नई पहचान दिलाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके प्रयासों से राज्य की सांस्कृतिक विरासत को व्यापक स्तर पर सम्मान मिला।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि दीवान कनवाल का निधन उत्तराखंड की लोक कला और सांस्कृतिक जगत के लिए एक ऐसी क्षति है जिसकी भरपाई होना कठिन है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की और शोक संतप्त परिजनों व उनके प्रशंसकों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। मुख्यमंत्री ने कामना की कि ईश्वर शोक की इस घड़ी में परिवार को संबल प्रदान करें।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

# विधायक तिलकराज बेहड़ ने सदन में उठाया भूमिधर अधिकार और विस्थापन का मुद्दा

## किच्छा के धौराडाम नजीबाबाद सहित कई गांवों के लिए मालिकाना हक की मांग की

किच्छा (उद संवाददाता)। किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़ ने विधानसभा में नियम 58 के अंतर्गत अविलंबनीय लोक महत्व का विषय उठाते हुए धौराडाम नजीबाबाद क्षेत्र सहित कई गांवों में रह रहे सैकड़ों परिवारों को भूमिधर अधिकार दिए जाने की पुरजोर मांग की। विधायक तिलकराज बेहड़ ने कहा कि किच्छा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत धौराडाम नजीबाबाद क्षेत्र में रहने वाले सैकड़ों परिवार कई दशकों से कृषि कार्य कर रहे हैं लेकिन राज्य गठन के बाद भी उन्हें अब तक भूमिधर अधिकार प्राप्त नहीं हो सके हैं। उन्होंने सदन को अवगत कराया कि आजादी के बाद से अब तक यहां के लोगों को जमीन का मालिकाना हक नहीं मिल पाया है। इस संबंध में उन्होंने पूर्व में उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखकर धौराडाम क्षेत्र को परिसंपत्तियों के बंटवारे में उत्तराखंड में शामिल करने का अनुरोध भी किया था।विधायक तिलकराज बेहड़ ने बताया कि किच्छा



विधानसभा क्षेत्र के खुर्पिया, तुर्कागौरी, गौरीकलां तथा शांतिपुरी नंबर 05 जैसे कई गांवों में भी भूमि और मालिकाना अधिकारों से जुड़ी जटिल समस्याएं बनी हुई हैं जिनका समाधान जनहित में अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विस्थापन के मुद्दे पर सरकार को घेरते हुए कहा कि प्रदेश में प्रयाग फार्म क्षेत्र में लोगों को उजाड़ा गया है और अब नगला क्षेत्र में भी लोगों को हटाने की कार्रवाई की चर्चा चल रही है। इसी प्रकार पंतनगर एयरपोर्ट विस्तारीकरण के नाम पर भी कई परिवारों को विस्थापित किए जाने की स्थिति बन रही है। तिलकराज बेहड़ ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार उजाड़ने की बात तो करती है लेकिन लोगों को बसाने की कोई ठोस व्यवस्था नहीं की जाती जो कि न्यायसंगत नहीं है।सदन में चर्चा के दौरान विधायक ने बाजपुर क्षेत्र के 20 गांवों का मामला भी प्रमुखता से उठाया और वहां के निवासियों को तत्काल राहत देने की मांग की। साथ ही उन्होंने गदरपुर में गूलरभोज रोड पर नहर किनारे बसे लोगों को आज तक मालिकाना हक न मिल पाने का मुद्दा भी रखा। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड बंटवारे के बाद कई नहरों का मालिकाना हक भी आज तक प्रदेश को प्राप्त नहीं हो पाया है जिसके लिए सरकार को ठोस कदम उठाने चाहिए। तिलकराज बेहड़ ने कहा कि यह विषय वर्षों से रह रहे हजारों लोगों के अधिकारों और अस्तित्व से जुड़ा है इसलिए उन्होंने नियम 310 के तहत सदन की कार्रवाई रोककर इस पर विस्तृत चर्चा की मांग की ताकि इन परिवारों को न्याय मिल सके।

# जनपद में घरेलू एलपीजी गैस का पर्याप्त स्टॉक है मौजूद : तिवारी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भारत सरकार के राजपत्र के परिप्रेक्ष्य में जिला पूर्ति अधिकारी विनोद चंद्र तिवारी ने जनपदवासियों को स्पष्ट किया है कि ऊधमसिंहनगर में घरेलू एलपीजी गैस की कोई कमी नहीं है और आपूर्ति पूरी तरह सुचारू है। उन्होंने बताया कि कुछ स्थानों पर गैस की उपलब्धता को लेकर निराधार अफवाहें फैलने के कारण एजेंसियों पर अनावश्यक भीड़ देखी जा रही है, जिससे उपभोक्ताओं को बचने की आवश्यकता है। उन्होंने आश्वस्त किया कि जनपद में घरेलू गैस का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है और वितरण व्यवस्था को पारदर्शी बनाए रखने के लिए सतत निगरानी की जा रही है।नियमों की जानकारी देते हुए जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि भारत सरकार द्वारा निर्धारित व्यवस्था के तहत अब सिंगल सिलेंडर कनेक्शन रखने वाले उपभोक्ताओं के लिए दूसरी बुकिंग के बीच न्यूनतम 25 दिनों का अंतराल अनिवार्य कर दिया गया है। वहीं, डबल सिलेंडर कनेक्शन वाले उपभोक्ता 30 दिन की अवधि पूर्ण होने के बाद ही गैस रिफिलिंग बुक करा सकेंगे। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि गैस सिलेंडर की रिफिलिंग केवल फोन या ऑनलाइन माध्यम से की गई बुकिंग के आधार पर ही होगी और उपभोक्ताओं को एजेंसी जाने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि होम डिलीवरी के माध्यम से ही सिलेंडर उपलब्ध कराए जाएंगे। प्रशासन ने रूद्रपुर और काशीपुर के व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से निर्बाध आपूर्ति के लिए पाइप्ड नेचुरल गैस कनेक्शन अपनाने की अपील की है और आवेदन करने वालों को प्राथमिकता पर कनेक्शन देने की बात कही है। जिला पूर्ति अधिकारी ने चेतावनी दी है कि गैस की कालाबाजारी या अनियमितता मिलने पर कठोर कार्रवाई होगी। किसी भी समस्या के समाधान के लिए उपभोक्ता आपदा कंट्रोल रूम के नंबर 05944-250250 या एलपीजी टोल फ्री नंबर 18002333555 पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। उन्होंने सभी से निर्धारित समयावधि का पालन करते हुए प्रशासन का सहयोग करने का अनुरोध किया है।

# जिले में टीबी के हर रोगी को मिलेगी देखभाल की नई दिशा: डा. अग्रवाल

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। टीबी मुक्त भारत अभियान के चलते केंद्र, राज्य व जिला प्रशासन के दिशानिर्देश पर क्षय रोगियों को देखभाल की नई दिशा मिल रही है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. के. के. अग्रवाल ने बताया कि जिले में अभी तक हुई जाँच तथा बाहर से लगभग पाँच हजार क्षय रोगी अपना इलाज ले रहे हैं। इलाज के दौरान किसी मरीज के फॉलोअप जांचों में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो इसलिए हर सरकारी अस्पताल जहां भर्ती की सुविधा उपलब्ध है वहां दो बैड टीबी के रोगियों के लिए आरक्षित करने का आदेश दिया गया है। ताकि मरीज को जाँचे कराने में कोई परेशानी न हो। उन्होंने बताया कि इस प्रणाली के तहत केवल दवा देना ही इलाज नहीं माना जाता बल्कि मरीज की जीवनशैली, पोषण, मानसिक स्वास्थ्य आदि पर पूरा ध्यान दिया जाता है। सीएमओ ने बताया कि जिले में चल रहे डीफरेसियल टीबी केयर का उद्देश्य है कि कोई भी मरीज इलाज के लिए या इलाज के दौरान अकेला महसूस न करें उसे हर स्तर पर उचित देखभाल, मार्गदर्शन और सम्मान मिले। डिफ्फरेंसियल टीबी केयर के अंतर्गत टीबी के रोगियों की पूरी तरह से देखभाल की जाएगी तथा उनकी समय समय पर स्वास्थ की जाँच की जाएगी तथा इलाज पूर्ण होने तक वे पूर्ण निगरानी में रहगें साथ ही उनका डाटा निक्षय पर भी अपलोड किया जाएगा। ज्ञातव्य हो कि जिले में रुद्रपुर के 1813, काशीपुर के 1405 सहित 5481रोगी सहित कुल 6321 रोगियों को डिफ्फरेंसियल टीबी केयर का लक्ष्य लिया गया है जिसमें अभी तक 2520 रोगीयों की बेसलाइन स्क्रीनिंग हो चुकी है। राज्य ने डीफरेसियल टीबी केयर को लेकर सातों स्वास्थ्य खण्ड में सात चिकित्सा अधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया है। डीफरेसियल टीबी केयर के अंतर्गत टीबी रोगियों की सभी जाँचे नि:शुल्क होती हैं।

# डीएम ने दिए गैस आपूर्ति को सुचारू रखने के निर्देश

## डीएम ने कालाबाजारी और अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई के दिए निर्देश

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने जनपद में गैस सिलेंडर की वर्तमान स्थिति को देखते हुए नागरिकों से संयम और सहयोग बनाए रखने की अपील की है। उन्होंने एक वीडियो संदेश जारी कर स्पष्ट किया कि प्रशासन लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए है और आपूर्ति को सुचारू रखने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट सभागार में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर निर्देश दिए कि जनपद की सभी गैस एजेंसियों पर उपजिलाधिकारियों द्वारा निरंतर भ्रमण किया जाए और जनता को सही जानकारी दी जाए। उन्होंने जोर देकर कहा कि आपूर्ति में किसी प्रकार का संकट नहीं है, इसलिए जनता अनावश्यक परेशान न हो और अफवाहों पर बिल्कुल ध्यान न दे। जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने अधिकारियों को सख्त हिदायत दी कि गैस की कालाबाजारी, ओवर रेटिंग और रिफिलिंग करने वालों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई




सुनिश्चित की जाए। उन्होंने नागरिकों से अनुरोध किया कि वे आवश्यकता से अधिक गैस सिलेंडरों का भंडारण करने से बचें ताकि सभी उपभोक्ताओं तक समय पर गैस पहुंच सके। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासन का मुख्य उद्देश्य वितरण व्यवस्था को पारदर्शी और व्यवस्थित बनाना है। उन्होंने नागरिकों को सुझाव दिया कि यदि गैस वितरण से संबंधित कोई भी समस्या आती है तो वे सीधे संबंधित एजेंसी या प्रशासन को सूचित कर सकते हैं ताकि उसका त्वरित समाधान निकाला जा सके। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने विश्वास दिलाया कि प्रशासन जनता की सुविधाओं के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है और गैस आपूर्ति की व्यवस्था को बाधित नहीं होने दिया जाएगा। इस महत्वपूर्ण बैठक में अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, जिला पूर्ति अधिकारी विनोद चंद्र तिवारी, एसेट हैड अडानी गैस सुधांक सक्सेना, सेल्स ऑफिसर एलपीजी भारत पेट्रोलियम मनीष कुमार, सेल्स ऑफिसर एलपीजी इंडियन ऑयल हर्षित पंत, सेल्स ऑफिसर एलपीजी हिंदुस्तान पेट्रोलियम राकेश राय उपस्थित रहे। इनके अलावा विदित चौधरी, मनीषा खींचड़ और कैलाश चंद्र गर्ग भी बैठक में मौजूद रहे। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने अपने क्षेत्रों में वितरण प्रणाली की नियमित निगरानी करें।

# एसएसपी ने जीवनरक्षक एम्बुलेंस को दिखाई हरी झंडी

काशीपुर (उद संवाददाता)। कुण्डेश्वरी क्षेत्र में सुरक्षित यातायात और आपातकालीन चिकित्सा सुविधाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति द्वारा एक विशेष कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान एसएसपी ने स्थानीय जनता को समर्पित जीवनरक्षक एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कुण्डेश्वरी चौकी क्षेत्र की काशीपुर मुख्य शहर से दूरी लगभग 18 से 20 किलोमीटर होने के कारण आपातकाल में 108 सेवा पहुँचने में विलंब होता था। इस समस्या के समाधान हेतु पुलिस की पहल पर अब स्थानीय स्तर पर एम्बुलेंस की सुविधा उपलब्ध कराई गई है जिससे घायलों को गोल्डन ऑवर में तत्काल उपचार मिल सकेगा।वरिष्ठ पुलिस अध



ीक्षक अजय गणपति ने यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने हेतु तैनात ट्रैफिक मित्रों को सुरक्षा किट भी वितरित की। स्कूली बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए क्षेत्र में भारी वाहनों के लिए सख्त समय सीमा यानी नो एंट्री तय की गई है। इन नियमों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए क्षेत्र के वालंटियर्स को श्ट्रैफिक मित्रश के रूप में नियुक्त कर उन्हें यातायात नियंत्रण किट प्रदान की गई है। पुलिस प्रशासन की इस सक्रियता और प्रभावी मध्यस्थता का ही परिणाम है कि बीते एक माह के भीतर क्षेत्र में एक भी सड़क दुर्घटना घटित नहीं हुई है।इस अवसर पर एसएसपी अजय गणपति ने कहा कि पुलिस का उद्देश्य केवल चालान काटना नहीं बल्कि लोगों के जीवन की रक्षा करना है। उन्होंने स्थानीय जनता से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने पुलिस की इस मानवीय पहल की सराहना की।

# कार की टक्कर के बाद आग का गोला बना ट्रक

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। रामपुर रोड स्थित गन्ना सेंटर के पास बुधवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में कार और ट्रक की जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रक के स्टोरेज टैंक में अचानक आग लग गई और देखते ही देखते ट्रक धूं-धूं कर जलने लगा। इस घटना से हाईवे पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही हल्द्वानी अग्निशमन एवं आपात सेवा केंद्र की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और बचाव कार्य शुरू किया। फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर देखा कि ट्रक और एक फोर्ड टाइटेनियम कार के बीच टक्कर हुई थी, जिससे ट्रक के पिछले हिस्से ने विकराल आग पकड़ ली थी। फायर टीम ने तत्परता दिखाते हुए फोम टेंडर, होज पाइप और होज रील का उपयोग कर आग पर काबू




पाना शुरू किया। कड़ी मशक्कत के बाद आग को पूरी तरह बुझा लिया गया, हालांकि तब तक ट्रक का पिछला हिस्सा जलकर पूरी तरह खाक हो चुका था। गनीमत रही कि कार में सवार चार लोगों को केवल हल्की-फुल्की चोटें आईं और एक बड़ा हादसा टल गया। इटीपी नगर चौकी इंचार्ज मनोज कुमार ने बताया कि दुर्घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है। कार सवार और ट्रक चालक दोनों सुरक्षित हैं। आग बुझाने वाली टीम में एलएफएम हरनाम सिंह, महेश जोशी, बलवंत सिंह और दिव्या डांगी सहित कई फायर कर्मी शामिल रहे। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को मार्ग से हटाकर यातायात सुचारू कराया।

# एसएसपी ने काशीपुर में की विवेचकों के कार्यों की समीक्षा

काशीपुर (उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ऊधमसिंहनगर अजय गणपति ने पुलिस अधीक्षक काशीपुर कार्यालय में कोतवाली काशीपुर के समस्त विवेचकों का ओआर (अर्दली रूम) लेकर उनके कार्यों की गहन समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने लंबित विवेचनाओं की प्रगति, अभियुक्तों की गिरफ्तारी, साक्ष्य संकलन और न्यायालय में प्रेषित की जाने वाली चार्जशीटों की स्थिति की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। एसएसपी अजय गणपति ने सभी विवेचकों को स्पष्ट निर्देश दिए कि लंबित विवेचनाओं का त्वरित, निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए और पुराने प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए।समीक्षा के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कहा कि विवेचना के दौरान सभी आवश्यक भौतिक, मौखिक एवं तकनीकी साक्ष्यों



का समयबद्ध संकलन किया जाए और केस डायरी को नियमित रूप से अपडेट रखा जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि जिन मामलों में अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभी तक शेष है, उनमें शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित की जाए और विवेचना पूर्ण होते ही समयबद्ध रूप से न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया जाए। विशेष रूप से हत्या, लूट, चोरी, महिला अपराध और साइबर अपराध जैसे संगीन मामलों में अधिक सतर्कता बरतते हुए प्रभावी ढंग से विवेचना संपादित करने के निर्देश दिए गए।एसएसपी अजय गणपति ने विवेचकों को यह भी हिदायत दी कि वे पीड़ित और वादी से नियमित संपर्क बनाए रखें और उन्हें प्रकरण की प्रगति से अवगत कराते रहें ताकि आम जनता का पुलिस के प्रति विश्वास और अधिक मजबूत हो सके। उन्होंने सख्त लहजे में चेतावनी दी कि विवेचना कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनावश्यक विलंब या त्रुटि पाए जाने पर संबंधित विवेचक के विरुद्ध कड़ी विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इस अवसर पर पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी और काशीपुर कोतवाली के समस्त विवेचक उपस्थित रहे।

हमारे यहां कुंडली बनाने व दिखवाने एंव वैदिक ब्राह्मणों द्वारा रूद्राभिषेक, दुर्गा सप्तशती पाठ महामृत्युंजय जप, ग्रह शांति, शतचंडी यज्ञ एवं समस्त यज्ञ जप इत्यादि
समस्याओं का समाधान के लिये संपर्क करें :
आचार्य गोपाल शास्त्री जी : 7248133444

# उत्तराखंड में घरेलू गैस सिलेंडर की कोई कमी नहीं : मुख्य सचिव

## गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी या अवैध स्टॉकिंग करने वालों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई

भराडीसैंण (उद संवाददाता)। मध्य पूर्व के देशों में उत्पन्न परिस्थितियों के मद्देनजर प्रदेश में एलपीजी एवं ईंधन आपूर्ति की स्थिति की समीक्षा के लिए मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने भराडीसैंण में उच्चस्तरीय बैठक की। बैठक में सभी जिलों के जिलाधिकारी तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक व पुलिस अधीक्षक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। साथ ही इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन के स्टेट लेवल कोऑर्डिनेटर और अन्य संबंधित अधिकारी भी बैठक में उपस्थित रहे। मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने स्पष्ट किया कि प्रदेश में घरेलू गैस सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता है और किसी भी प्रकार की कमी नहीं है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अफवाहों पर कड़ी नजर रखी जाए और किसी भी स्थिति में कानून व्यवस्था को प्रभावित न होने दिया जाए।मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने सभी जिलाधिकारियों और पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने अपने क्षेत्रों में स्थिति पर लगातार निगरानी बनाए रखें। उन्होंने कहा कि किसी भी असामाजिक तत्व द्वारा अफवाह फैलाने या माहौल खराब करने की कोशिश की जाती है तो उसके खिलाफ तत्काल और सख्त कार्रवाई की जाए। बैठक में गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी, अवैध भंडारण और




डायवर्जन पर सख्त रोक लगाने के निर्देश दिए गए। इसके लिए जिलों में नियमित रूप से छापेमारी अभियान चलाने को कहा गया है। मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने निर्देश दिए कि तहसील स्तर पर एसडीएम की अध्यक्षता में क्विक रिस्पॉन्स टीम गठित की जाए। यह टीम गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी या अवैध स्टॉकिंग करने वालों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करेगी। मुख्य सचिव ने जिलों में कार्यरत ऑयल कंपनियों और गैस एजेंसियों के साथ लगातार संपर्क बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी संभावित समस्या की जानकारी तुरंत राज्य स्तर पर साझा की जाए ताकि समय रहते समाधान किया जा सके।बैठक में इंडियन ऑयल के स्टेट लेवल कोऑर्डिनेटर कृष्ण कुमार गुप्ता और स्वर्ण सिंह ने जानकारी दी कि राज्य में घरेलू गैस सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में गैस आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है और किसी भी प्रकार की कमी नहीं है। अधिकारियों ने कहा कि सोशल मीडिया या अन्य माध्यमों से फैल रही अफवाहों पर नियंत्रण रखना आवश्यक है। बैठक में निर्णय लिया गया कि वाणिज्यिक गैस सिलेंडरों की आपूर्ति प्राथमिकता के आधार पर अस्पतालों और शैक्षणिक संस्थानों को की जाएगी। फिलहाल होटल, ढाबों और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को व्यवसायिक सिलेंडरों की आपूर्ति सीमित रखी जाएगी ताकि आवश्यक सेवाओं में किसी प्रकार की बाधा न आए। मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने राज्य स्तरीय आपदा कंट्रोल रूम और जनपद स्तरीय कंट्रोल रूम को सक्रिय रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी स्थिति पर लगातार नजर रखें और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित करें। इसके साथ ही जिलाधिकारी और खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के आयुक्त को निर्देश दिए गए कि वे प्रतिदिन प्रेस ब्रीफिंग के माध्यम से गैस सिलेंडरों की उपलब्धता और आपूर्ति की जानकारी जनता तक पहुंचाएं।मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने कहा कि कुछ असामाजिक तत्व गैस सिलेंडरों की कमी को लेकर अफवाह फैलाने की कोशिश कर सकते हैं। ऐसे में सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों पर फैलाए जा रहे भ्रामक प्रचार पर तुरंत रोक लगाई जाए और दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। बैठक में पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ, प्रमुख सचिव खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति एल फैनई, सचिव गृह शैलेश बगौली, सचिव व आयुक्त खाद्य आनंद स्वरूप तथा महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी उपस्थित रहे। इसके अलावा इंडियन ऑयल के स्टेट लेवल कोऑर्डिनेटर कृष्ण कुमार गुप्ता सहित सभी जिलों के जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक व पुलिस अधीक्षक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

## मेयर ने निगम कार्यालय में किया आधार सेवा केंद्र का शुभारम्भ

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। शहरवासियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नगर निगम में आधार सेवा केंद्र की शुरुआत कर दी गई है। नगर निगम कार्यालय में स्थापित इस केंद्र का उद्घाटन महापौर गजराज सिंह बिष्ट ने विधिवत फीता काटकर किया। इस नई व्यवस्था के शुरू होने से अब शहर के लोगों को आधार कार्ड से जुड़े कार्यों के लिए अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। नगर निगम परिसर में ही नागरिकों को आधार से संबंधित अधिकांश सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।महापौर गजराज सिंह बिष्ट ने कहा कि नगर निगम का प्रयास है कि नागरिकों को सरकारी सेवाएं सरल, पारदर्शी और त्वरित तरीके से उपलब्ध हों। नगर निगम कार्यालय में आधार सेवा केंद्र शुरू होना उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि यहां नागरिक नया आधार कार्ड बनवाने, नाम या पते में संशोधन कराने, मोबाइल नंबर अपडेट कराने समेत अन्य आवश्यक बदलाव आसानी से करवा सकेंगे। अधिकारियों के अनुसार इस केंद्र के माध्यम से नया आधार पंजीकरण और आधार अपडेट से जुड़ी सभी जरूरी सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध होंगी, जिससे आम लोगों का समय और परेशानी दोनों कम होंगे। इस अवसर पर नगर निगम के अधिकारी, कर्मचारी और स्थानीय नागरिक भी मौजूद रहे। महापौर ने शहरवासियों से अपील की कि वे इस नई सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और आधार से जुड़े कार्यों के लिए नगर निगम में स्थापित इस केंद्र का उपयोग करें।




## सरोज रानी के नेत्रदान से दो लोगों के जीवन को मिलेगी रोशनी

किच्छा। पंजाब राइस मिल के स्वामी अशोक कुमार ठुकराल की पत्नी एवं डॉ. अंकित ठुकराल और अरुण ठुकराल की माता स्वर्गीय श्रीमती सरोज रानी ठुकराल के निधन के बाद उनके परिजनों ने नेत्रदान कर मानवता की मिसाल पेश की। भारत विकास परिषद रुद्रपुर के अनुरोध पर परिजनों ने सहमति देते हुए दिवंगत सरोज रानी ठुकराल की आंखें दान कीं, जिससे अब दो नेत्रहीन लोगों के जीवन में उजाला होगा। बताया गया कि भारत विकास परिषद की प्रेरणा से परिवार ने यह निर्णय लिया। इस दौरान परिषद के नेत्रदान संयोजक संजय, डॉ. डी.के. भट्ट और डॉ. मनीष रावत के सहयोग से नेत्रदान की प्रक्रिया संपन्न कराई गई।नेत्रदान के समय शक्ति बठला, सुनील ठुकराल और मनीष सिडाना सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे। सभी ने नेत्रदानी परिवार के इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह कदम समाज के लिए प्रेरणादायक है।परिषद के पदाधिकारियों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए कहा कि नेत्रदान महादान है, जो मृत्यु के बाद भी किसी के जीवन में रोशनी भर सकता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि अधिक से अधिक लोग नेत्रदान और अंगदान के लिए आगे आएं, ताकि जरूरतमंदों के जीवन में उजाला लाया जा सके।








## बच्चों को पढ़ाया बीएनएस के कानून का पाठ

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पुलिस द्वारा स्कूली बच्चों को बी एन एस के कानून के प्रति जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। जिसके तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. मंजुनाथ टी.सी. के निर्देश पर जनपद में महिला अपराधों पर अंकुश लगाने, नए कानूनों की जानकारी देने तथा बढ़ते साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में थाना काठगोदाम पुलिस द्वारा युवाओं के बीच एक संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य जागरूकता बिंदु थाना काठगोदाम में तैनात अपर उपनिरीक्षक श्रीमती हेमंती मेहता ने काठगोदाम क्षेत्र के टेढ़ी



पुलिया स्थित एनएसटीआई इंस्टीट्यूट में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। छात्र छात्राओं को महिलाओं की सुरक्षा के लिए कानून में हुए नवीनतम संशोधनों और विधिक अधिकारों के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही इंटरनेट व सोशल मीडिया के दौर में बढ़ते साइबर फ्रॉड से बचने के उपाय साझा किए। उन्हें वित्तीय धोखाधड़ी की स्थिति में तुरंत हेल्पलाइन 1930 पर कॉल करने को प्रेरित किया। नशा मुक्ति एवं घरेलू हिंसा: नशे के दुष्प्रभावों और घरेलू हिंसा के खिलाफ आवाज उठाने तथा कानूनी सहायता लेने पर जागरूक किया। उन्हें महिला सुरक्षा के लिए गौरा शक्ति मॉड्यूल के लाभ भी बताए गए व उत्तराखंड पुलिस ऐप डाउनलोड करने और आपात स्थिति में डायल 112 का उपयोग समझाया।

## नगर निगम की गौशाला के लिए 84 लाख की अतिरिक्त राशि स्वीकृत

रुद्रपुर। शहर की सड़कों पर बढ़ते आवारा पशुओं के जमावड़े और उनसे होने वाली दुर्घटनाओं से मुक्ति दिलाने की दिशा में नगर निगम रुद्रपुर ने एक और



उपलब्धि हासिल है। महापौर विकास शर्मा के प्रयासों से शासन ने लंबाखेड़ा में निर्माणाधीन गौशाला के विस्तार के लिए 84.216 लाख रुपये की अतिरिक्त धनराशि की स्वीकृति प्रदान कर दी है, जिससे अब इस महत्वाकांक्षी परियोजना को और अधिक व्यापक स्वरूप दिया जा सकेगा।इस संबंध में जानकारी साझा करते हुए महापौर विकास शर्मा ने बताया कि नगर निगम द्वारा लंबाखेड़ा क्षेत्र में एक विशाल गौशाला का निर्माण कार्य तेजी से किया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य शहर के निराश्रित पशुओं को सुरक्षित और व्यवस्थित आश्रय प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि इस परियोजना के प्रारंभिक चरण के लिए पूर्व में शासन द्वारा 3.69 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गई थी। निर्माण कार्य को और विस्तार देने तथा भविष्य की आवश्यकताओं को देखते हुए निगम प्रशासन ने 210.54 लाख रुपये का एक नया प्रस्ताव शासन को भेजा था। इस प्रस्ताव के सापेक्ष शासन ने कुल लागत का 40 प्रतिशत यानि 84.216 लाख रुपये जारी करने की अनुमति दे दी है।महापौर ने कहा कि इस नई धनराशि का उपयोग गौशाला के भीतर बुनियादी ढांचे को और अधिक सुदृढ़ करने में किया जाएगा। इसके तहत जहाँ एक ओर निराश्रित पशुओं के लिए आधुनिक शेडों की संख्या बढ़ाई जाएगी, वहीं दूसरी ओर चारे के समुचित भंडारण के लिए बड़े गोदामों का निर्माण भी सुनिश्चित किया जाएगा। गौशाला परिसर में ही बीमार या चोटिल पशुओं के त्वरित उपचार और टीकाकरण की विशेष व्यवस्था भी की जा रही है, ताकि उन्हें एक ही स्थान पर सभी आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं मिल सकें।महापौर ने कहा कि गौशाला का निर्माण अब अंतिम चरण में है और बहुत जल्द इसे गोसेवा के लिए समर्पित कर दिया जाएगा। इस गौशाला के पूर्ण रूप से सक्रिय होने के बाद रुद्रपुर की सड़कों पर आवारा पशुओं के कारण लगने वाले जाम और आए दिन होने वाली सड़क दुर्घटनाओं से शहरवासियों को बड़ी राहत मिलेगी।महापौर विकास शर्मा ने धनराशि स्वीकृत करने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के कुशल मार्गदर्शन में रुद्रपुर के विकास कार्यों को नई गति मिल रही है और आने वाले समय में शहर की कायाकल्प करने वाली कई अन्य बड़ी योजनाओं को भी धरातल पर उतारा जाएगा।

## तंबाकू नियंत्रण जागरूकता अभियान आयोजित

रुद्रपुर (उद संवाददाता) मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. के. के. अग्रवाल के निर्देश पर राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत माया खकरियाल ने राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, गोकुलनगर, किच्छा में जागरूकता अभियान आयोजित किया। कार्यक्रम में बच्चों को तंबाकू और सिगरेट से होने वाले गंभीर बीमारियों के बारे में जानकारी दी गई। माया खकरियाल ने बताया कि तंबाकू और सिगरेट का सेवन करने से कैंसर, हृदय रोग और श्वसन संबंधी बीमारियां हो सकती हैं।बच्चों को



तंबाकू से दूर रहने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की सलाह दी गई। इस अवसर पर बच्चों ने पोस्टर प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमें उन्होंने तंबाकू के हानिकारक प्रभावों को दर्शाया। प्रतियोगिता के विजेताओं को बैग और पुरस्कार दिए गए। यह कार्यक्रम बच्चों को तंबाकू के खतरों के बारे में जागरूक करने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था।

# एआई और वैज्ञानिक विश्लेषण से थमेगी सड़क दुर्घटनाएं

## आरटीओ विभाग ने सड़क हादसों के वैज्ञानिक विश्लेषण हेतु अधिकारियों को दिया विशेष प्रशिक्षण

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सहायक सम्भागीय परिवहन कार्यालय, ऊधमसिंहनगर के तत्वाधान में शहर के एक निजी होटल में सड़क दुर्घटनाओं के वैज्ञानिक विश्लेषण हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ मुख्य अतिथि जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने दीप प्रज्वलित कर किया। संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) डॉ. गुरूदेव सिंह ने मुख्य अतिथि के साथ विशिष्ट अतिथि संयुक्त परिवहन आयुक्त राजीव कुमार मेहरा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति का स्वागत किया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य राज्य में घटित हो रही सड़क दुर्घटनाओं के कारणों का वैज्ञानिक और तथ्यात्मक विश्लेषण कर भविष्य में उनकी पुनरावृत्ति को रोकना है। जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान युग में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का प्रयोग कर सड़क दुर्घटनाओं का सटीक वैज्ञानिक विश्लेषण किया जा सकता है, जिससे हादसों पर प्रभावी रोकथाम और नियंत्रण संभव है। उन्होंने प्रतिभागियों से आह्वान किया कि वे इस तकनीक को गहराई से समझें और सड़क सुरक्षा की दृष्टि से अधिक से अधिक प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान करें। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि वे दुर्घटना के कारणों की बारीकियों को समझें और अपने दैनिक कार्यों में इन वैज्ञानिक पद्धतियों का प्रयोग कर सड़क हादसों को रोकने में अपनी प्रभावी भूमिका निभाएं। संयुक्त परिवहन आयुक्त राजीव कुमार मेहरा ने कार्यशाला के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऊधमसिंहनगर जनपद दुर्घटनाओं की दृष्टि से संवेदनशील है, अतः यहाँ वैज्ञानिक जांच के माध्यम से हादसों को न्यूनतम करना प्राथमिकता है। प्रशिक्षण के दौरान जे.पी. रिसर्च इण्डिया लि. के विशेषज्ञ सुमित ढुल ने श्साइंटिफिक क्रैश इन्वेस्टिगेशन ऑफ एक्सीडेंटश विषय पर विस्तृत व्याख्यान दिया। वहीं, सहायक निदेशक (सड़क सुरक्षा) नरेश संगल ने उत्तराखंड में सड़क दुर्घटनाओं की स्थिति और रोड सेफ्टी के विभिन्न पहलुओं पर जानकारी साझा की। कार्यशाला में अधिकारियों को डिजिटल उपकरणों के उपयोग, आधुनिक तकनीकों और त्वरित रिपोर्टिंग प्रणाली के बारे में प्रशिक्षित किया गया ताकि दुर्घटना के मूल कारणों की पहचान कर ठोस सुधारात्मक कदम उठाए जा सकें। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को जिलाधिकारी, संयुक्त परिवहन आयुक्त और आरटीओ (प्रवर्तन) हल्द्वानी की ओर से सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। इस अवसर पर संभागीय परिवहन अधिकारी अरविन्द कुमार पाण्डेय, एआरटीओ विपिन कुमार सिंह, सुरेंद्र कुमार, मनोज बागोरिया, मोहित कोठारी, नवीन सिंह, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी उमा शंकर नेगी सहित लोक निर्माण विभाग, एनएचएआई, विद्युत, स्वास्थ्य, पुलिस और शिक्षा विभाग के तमाम वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के माध्यम से सड़क सुरक्षा के प्रति सभी विभागों के बीच समन्वय को और अधिक मजबूत करने का संकल्प लिया गया।





# पंतनगर में 119वां अखिल भारतीय किसान मेला कल से

पंतनगर (उद संवाददाता)। गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में कुलपति मनमोहन सिंह चौहान की अध्यक्षता में 119वें अखिल भारतीय किसान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी के आयोजन को लेकर मीडिया प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। कुलपति सभागार में आयोजित इस बैठक में कुलपति मनमोहन सिंह चौहान ने बताया कि इस बार किसान मेले की थीम 'सशक्त महिला समृद्ध खेती' रखी गई है। उन्होंने भारतीय कृषि में महिलाओं के योगदान को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि जब ग्रामीण महिला सशक्त होगी तभी खेती वास्तव में समृद्ध और टिकाऊ बन सकेगी। मेले के दौरान किसानों को उन्नत धान, बागवानी और सब्जियों के बीज उपलब्ध कराए जाएंगे। साथ ही कोदो, झिंगोरा और मंडुआ जैसी पारंपरिक फसलों की महत्ता और उनके बाजार मूल्य पर भी प्रकाश डाला जाएगा। इस अवसर पर निदेशक प्रसार शिक्षा जितेन्द्र क्वात्रा, निदेशक शोध एसके वर्मा और निदेशक संचार जेपी जायसवाल उपस्थित रहे।विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा मेले में आने वाले किसानों के लिए व्यापक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। कुलपति मनमोहन सिंह चौहान ने जानकारी दी कि मेले में स्वच्छ पेयजल और किसानों के बैठने के लिए पर्याप्त इंतजाम किए जाएंगे ताकि दूर दराज से आने वाले कृषकों को असुविधा न हो। मेले में विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों द्वारा पिछले दो वर्षों में किए गए शोध कार्यों और आधुनिक कृषि तकनीकों पर आधारित विशेष स्टॉल लगाए जाएंगे। इन स्टॉल्स के माध्यम से किसानों को नई फसल प्रजातियों और उन्नत बीजों की जानकारी दी जाएगी। चार दिवसीय इस मेले के दौरान किसान गोष्ठियों का भी आयोजन होगा जिसमें वैज्ञानिक किसानों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान करेंगे। उत्तराखंड के अलावा अन्य राज्यों से भी बड़ी संख्या में किसानों के पहुंचने की उम्मीद है।निदेशक प्रसार शिक्षा जितेन्द्र क्वात्रा ने बताया कि 119वें अखिल भारतीय किसान मेले का आयोजन 13 से 16 मार्च 2026 तक किया जा रहा है। मेले में अब तक 350 स्टॉल बुक हो चुके हैं जिनमें 150 बड़े और 200 छोटे स्टॉल शामिल हैं। इस बार मेले में 18 से 20 हजार से अधिक किसानों के आने की संभावना है जिनके ठहरने की व्यवस्था मेला प्रांगण में ही की गई है। मेले का भव्य उद्घाटन 14 मार्च 2026 को अपराह्न 3 बजे मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा किया जाएगा। इस दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी और सांसद अजय भट्ट उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में स्थानीय विधायक, विश्वविद्यालय प्रबंध परिषद के सदस्य और जिलाधिकारी ऊधमसिंह नगर सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहेंगे।प्रेस वार्ता के दौरान निदेशक संचार जेपी जायसवाल ने सभी का स्वागत किया और मेले की सफलता में मीडिया की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि कुलपति के नेतृत्व में निरंतर स्टॉलों और किसानों की संख्या में वृद्धि हो रही है। बैठक के अंत में सभी प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रतिनिधियों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। विश्वविद्यालय को पूर्ण विश्वास है कि यह मेला किसानों के लिए ज्ञान के आदान प्रदान का एक सशक्त मंच साबित होगा।



# संविदा कर्मियों नियमितीकरण की मांग को लेकर महापौर और नगर आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

## मामले में महापौर ने दिया जल्द नियमानुसार कार्यवाही का आश्वासन

रुद्रपुर( उद संवाददाता)। देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने नगर निगम में लंबे समय से संविदा और दैनिक वेतन पर कार्यरत कर्मचारियों के विनियमितीकरण की मांग को लेकर महापौर विकास शर्मा और नगर आयुक्त शिप्रा जोशी पांडे से मुलाकात कर उन्हें एक औपचारिक ज्ञापन सौंपा। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने शासन द्वारा निर्धारित नियमावली का हवाला देते हुए नगर निगम में तैनात दैनिक वेतन भोगी, कार्यप्रभारित, संविदा, नियत वेतन, अंशकालिक तथा तदर्थ रूप से नियुक्त कार्मिकों को स्थायी किए जाने की गुहार लगाई। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि शहरी विकास निदेशालय उत्तराखंड द्वारा बीते 17 फरवरी 2026 को आदेश जारी किए गए थे। इन निर्देशों के तहत चयन समिति के माध्यम से विनियमितीकरण के लंबित प्रकरणों का परीक्षण कर नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करनी थी। लेकिन शासन के निर्देशों का अनुपालन रुद्रपुर नगर निगम में अब तक नहीं हो पाया है। कई कर्मचारी पिछले दस वर्षों से अधिक समय से संविदा या दैनिक वेतन पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन स्थायीकरण की बाट जोह रहे इन कर्मचारियों का भविष्य अब भी अधर में लटका हुआ है। ज्ञापन के माध्यम से संघ ने महापौर और नगर आयुक्त से मांग की कि नगर निगम में कार्यरत समस्त संविदा कर्मियों और पर्यावरण मित्रों को प्राथमिकता के आधार पर स्थायी नियुक्ति प्रदान की जाए। इस संवेदनशील मुद्दे पर प्रतिक्रिया देते हुए महापौर विकास शर्मा और नगर आयुक्त ने संघ को शीघ्र उचित कार्यवाही का भरोसा दिलाया। महापौर ने स्पष्ट किया कि नगर निगम में कार्यरत सभी कर्मचारी निगम परिवार का अभिन्न हिस्सा हैं और उनके हितों की रक्षा के लिए प्रशासन पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगा। उन्होंने विश्वास दिलाया कि नियमानुसार उनके अधिकारों के संरक्षण में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। ज्ञापन सौंपने वालों में देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ के शाखा अध्यक्ष सोनू मुल्तानी, महामंत्री अंकित कुमार, उपाध्यक्ष सुनील कुमार सहित राजपाल चौधरी, परितोष माझी, मनोज कुमार, नन्हे, रिंकू, किशन पाल, महावीर, राजपाल और भूरा समेत बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।




# विधायक शिव ने सीएम से मोदी मैदान में स्टेडियम का निर्माण

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गैरसैण विधानसभा सत्र के दौरान विधायक शिव अरोरा ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात कर रूद्रपुर के मोदी मैदान में इंडोर आउटडोर स्टेडियम निर्माण को लेकर लिखित पत्र सौंपा। विधायक ने मुख्यमंत्री से स्टेडियम का निर्माण कार्य शीघ्र अतिशीघ्र आरम्भ करने का अनुरोध किया। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री घोषणा संख्या 678/2023 के अंतर्गत मोदी मैदान में बच्चों के खेलने हेतु स्टेडियम का निर्माण विधायक शिव अरोरा के प्रस्ताव पर होना सुनिश्चित हुआ है। इस परियोजना के लिए जिला विकास प्राधिकरण ने पहले चरण हेतु 20 करोड़ रुपये की डीपीआर तैयार कर शासन को भेज दी है। विधायक ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि औद्योगिक राजधानी रूद्रपुर में तेजी से बढ़ती आबादी के बीच स्थानीय बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए अतिरिक्त खेल मैदान की नितांत आवश्यकता है।विधायक शिव अरोरा ने मुख्यमंत्री से वार्ता के दौरान कहा कि वर्तमान में मनोज सरकार स्टेडियम में लगातार जिला और राज्य स्तरीय खेल गतिविधियां चलती रहती हैं जिससे स्थानीय बच्चों को खेलने हेतु पर्याप्त समय और स्थान नहीं मिल पाता। उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में हाल ही में उत्तराखंड में हुए राष्ट्रीय खेलों के सफल आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि धामी सरकार खेल भावना और खिलाड़ियों के प्रति सदैव गंभीर रहती है। विधायक ने मांग की कि मोदी मैदान में इंडोर आउटडोर स्टेडियम निर्माण हेतु जल्द से जल्द धनराशि जारी कर टेंडर प्रक्रिया शुरू कराई जाए ताकि युवा पीढ़ी के उज्जवल भविष्य के लिए एक सुंदर खेल परिसर तैयार हो सके।मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विधायक शिव अरोरा को आश्वस्त किया कि इस परियोजना के लिए जल्द से जल्द आवश्यक धनराशि जारी की जाएगी। मुख्य मंत्री ने कहा कि सरकार युवाओं को बेहतर खेल सुविधाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है और जल्द ही पहले चरण का निर्माण कार्य धरातल पर शुरू कराया जाएगा। इस अवसर पर विधायक ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह स्टेडियम रूद्रपुर के खिलाड़ियों के लिए एक बड़ी सौगात साबित होगा। बैठक के दौरान विधानसभा सत्र से जुड़े अन्य जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।





# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## तेल और गैस का संकट

दुनिया भर में युद्ध सैन्य मोर्चों पर लड़े जाते रहे हैं, लेकिन उसकी आंच में आम लोग झुलसते हैं। ईरान पर इजराइल और अमेरिका के साझा हमले के बाद इस युद्ध का दायरा जिस स्वरूप में फैला है, उसका असर अब आशंका के अनुरूप सामने आना शुरू हो चुका है। समस्या यह है कि दुनिया के ज्यादातर देश आमतौर पर हर समय इतनी पूर्व–सावधानी नहीं बरतते हैं कि युद्ध से उपजी आपात स्थिति से निपटने के लिए जरूरी उपायों को लेकर अपनी ओर से अगले कई महीनों के लिए पूरी तैयारी रखें। कई बार अचानक पैदा होने वाले हालात में पहले आपूर्ति का मोर्चा बाधित होता है।उसके बाद आम लोगों के जीवन–बसर के लिए अनिवार्य चीजों की कमी शुरू हो जाती है और फिर उसका असर बाहर भी दिखने लगता है, जिसमें लोगों के बीच रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने की समस्या को लेकर चिंता ज्यादा बढ़ जाती है। इजराइल और अमेरिका के ईरान पर हमले के दस दिन बाद कई देशों में लगभग यही स्थिति बन रही है।जहां तक भारत का सवाल है, तो जब से ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते को रोका है, तब से तेल टैंकरों की आवाजाही और गैस की आपूर्ति भी व्यापक रूप से बाधित हुई है। इसके अलावा, ईरान ने जवाबी हमले के तौर पर जिस तरह खाड़ी के कई देशों के तेल रिफाइनरियों पर हमले किए, उसके बाद कच्चे तेल का संकट ज्यादा गहरा गया है।हालांकि होर्मुज मार्ग पर ईरान के रुख के बाद यह साफ हो गया था कि अगर यह युद्ध थोड़ा लंबा खिंचा, तो दुनिया के कई देश इससे बुरी तरह प्रभावित होंगे। तेल और गैस के अभाव की वजह से न सिर्फ आम जनजीवन में अफरा–तफरी पैदा होगी, बल्कि बड़े पैमाने पर आर्थिक संकट खड़ा होगा। इसी क्रम में भारत में अब यह साफ दिखने लगा है कि अगर सरकार की ओर से जल्दी ही कोई उपयुक्त कदम नहीं उठाए गए, तो स्थिति जटिल हो सकती है।दरअसल, युद्ध की आंच अब भारत में रसोईघरों और व्यापार तक पहुंचनी शुरू हो गई है। एलएनजी यानी तरल प्राकृतिक गैस और एलपीजी यानी तरल पेट्रोलियम गैस के मामले में भारत आमतौर पर आयात पर निर्भर रहा है। यही वजह है कि होर्मुज समुद्री रास्ते से तेल टैंकरों की आवाजाही बाधित होने के बाद भारत में अब एलपीजी की किल्लत का खतरा मंडराने लगा है और कई राज्यों में रेस्तरां तथा होटलों को वाणिज्यिक एलपीजी की आपूर्ति में मुश्किल शुरू हो गई है। साथ ही बाजार में खाने–पीने की चीजों से लेकर अन्य सामान की कीमतों में इजाफे की रफ्तार तेज हो गई है। असली समस्या रसोई गैस और अन्य सामान की आपूर्ति है, जिसमें भारी कमी की वजह से लोगों के बीच अफरा–तफरी का माहौल बन रहा है। हालत यह है कि आने वाले दिनों में संकट गहराने की आशंका से ज्यादातर लोग एहतियातन एलपीजी सहित अन्य सामान लेने के लिए कतारों में खड़े दिखने लगे हैं।एक ओर, जरूरत से ज्यादा खरीदारी और दूसरी ओर कारोबारियों की अवैध जमाखोरी या भंडारण की वजह से कालाबाजारी और महंगाई जैसे संकट के मद्देनजर सरकार को आवश्यक वस्तु अधिनियम लागू करना पड़ा है। मगर यह सुनिश्चित करना भी सरकार की जिम्मेदारी है कि रसोई गैस या परिवहन इस हद तक नियंत्रित न हों कि इससे रोजमर्रा की अनिवार्य गतिविधियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़े। यह भी देखने की जरूरत होगी कि अगर जरूरी वस्तुओं की कमी का संकट गहराया, तो वैकल्पिक स्रोतों से उसे कैसे पूरा किया जाएगा।

# सैन्य अधिकारी सीमाओं की रक्षा के साथ राष्ट्र निर्माण में भी निभाते हैं महत्वपूर्ण भूमिका: राज्यपाल

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह सेवानिवृत्त ने देहरादून स्थित भारतीय सैन्य अकादमी में "भारतीय सैन्य अधिकारी: राष्ट्र निर्माता के रूप में" विषय पर जेंटलमैन कैडेट्स को संबोधित किया। इस अवसर पर भारतीय सैन्य अकादमी के कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल नगेन्द्र सिंह सहित अकादमी के वरिष्ठ अधिकारी और प्रशिक्षक उपस्थित रहे। अपने संबोधन में राज्यपाल ने कहा कि भारतीय सैन्य अकादमी केवल एक प्रशिक्षण संस्थान नहीं है बल्कि यह वह पावन स्थान है जहाँ युवा कैडेट राष्ट्र सेवा, अनुशासन और नेतृत्व के मूल्यों को सीखते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि एक कैडेट के लिए कर्तव्य को सुविधा से ऊपर, जिम्मेदारी को व्यक्तिगत लाभ से ऊपर और राष्ट्र को स्वयं से ऊपर रखना ही सच्चे सैनिक की पहचान है। राज्यपाल गुरमीत सिंह सेवानिवृत्त ने कहा कि सैन्य अधिकारी का दायित्व केवल सीमाओं की रक्षा करना ही नहीं है बल्कि वह राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में भी अहम भूमिका निभाता है। एक अधिकारी अपने नेतृत्व, अनुशासन और आचरण से समाज में विश्वास और स्थिरता की भावना को मजबूत करता है। उन्होंने कैडेट्स को



प्रेरित करते हुए कहा कि एक अधिकारी की सबसे बड़ी पूंजी उसकी प्रतिष्ठा होती है जो उसके व्यवहार, निर्णय क्षमता और अपने जवानों के प्रति संवेदनशीलता से बनती है। एक अच्छा अधिकारी केवल आदेश देने वाला नहीं होता बल्कि वह अपने सैनिकों की समस्याओं को समझने वाला और कठिन परिस्थितियों में उनके साथ खड़ा रहने वाला सच्चा नेतृत्वकर्ता होता है।राज्यपाल ने कैडेट्स को भारतीय इतिहास के महान योद्धाओं से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह, महाराणा प्रताप और छत्रपति शिवाजी महाराज जैसे महापुरुषों ने साहस, नैतिकता और दूरदृष्टि का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया है जिसे आज के सैन्य अधिकारियों को भी अपने जीवन में अपनाना चाहिए। राज्यपाल ने आधुनिक युद्ध कौशल और बदलती तकनीक पर चर्चा करते हुए कहा कि अधिकारियों को नवाचार और नई रणनीतियों को समझते हुए स्वयं को निरंतर अपडेट करना होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि राष्ट्रीय सुरक्षा केवल सैन्य शक्ति से ही नहीं बल्कि कूटनीति, सूचना, अर्थव्यवस्था और तकनीकी क्षमता के समन्वय से मजबूत होती है।संबोधन के दौरान राज्यपाल ने महिला कैडेट्स की विशेष सराहना की और कहा कि भारतीय सशस्त्र सेनाओं में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी देश की प्रगति और सशक्तीकरण का प्रतीक है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि महिला अधिकारी अपने समर्पण और क्षमता से भारतीय सेना के गौरव को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाएँगी।

# सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु किच्छा में टीकाकरण अभियान शुरू

किच्छा (उद संवाददाता)। महिलाओं में बढ़ते सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय की एडवाइजरी के तहत सरदार वल्लभभाई पटेल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विशेष टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया गया। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राहुल गौर और स्वास्थ्य मंत्री प्रतिनिधि अभिषेक सक्सेना ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर इस महत्वपूर्ण अभियान की शुरुआत की। अभियान के तहत 14 वर्ष से अधिक और 15 वर्ष से कम आयु की बालिकाओं को भविष्य में होने वाले इस घातक कैंसर से सुरक्षित करने के लिए टीके लगाए जा रहे हैं।इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री प्रतिनिधि अभिषेक सक्सेना ने कहा कि सर्वाइकल कैंसर महिलाओं के लिए एक भयावह रूप लेता जा रहा है, जिसे समय रहते रोकना नितांत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार के निर्देशानुसार यह अभियान पूरे देश में चलाया जा रहा है



ताकि आने वाली पीढ़ी को इस गंभीर बीमारी से बचाया जा सके। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राहुल गौर ने अभियान के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि वर्तमान में इस टीकाकरण को लेकर कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा भ्रांतियां फैलाई जा रही हैं, जो पूरी तरह निरर्थक हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह टीका पूर्णत: सुरक्षित है और स्वास्थ्य विभाग की देखरेख में ही लगाया जा रहा है।डॉ. गौर ने अभिभावकों से अपील की कि वे किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और टीकाकरण से पहले विशेषज्ञों या सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों से परामर्श अवश्य लें। उन्होंने कहा कि माता–पिता विशेषज्ञ राय लेकर अपनी बालिकाओं का टीकाकरण सुनिश्चित कराएं। कार्यक्रम के दौरान मन्नत कौर को अभियान का पहला टीका लगाकर उद्घाटन किया गया।इस अवसर पर महिला चिकित्सक डॉ. कनक बनोथ, सर्जन डॉ. तनवीर अहमद, डॉ. भव्या जायसवाल, आशा कोऑर्डिनेटर रेनू बाला, डॉ. महेंद्र, डॉ. इमरान, डॉ. आरपी सिंह, तृप्ति बोरा,पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष विवेक सक्सेना, भूपाल शाह, आशा फैसिलिटेटर शमीम बानो और वैक्सीनेटर सीमा कोटल्या सहित स्वास्थ्य विभाग का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# एड्स जागरूकता पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड राज्य एड्स नियंत्रण समिति के तत्वाधान में एड्स जागरूकता अभियान के अंतर्गत जिला उधम सिंह नगर की राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक तनीशा चावला द्वारा सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रुद्रपुर में एड्स/एचआईवी की जानकारी ही बचाव है विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय के छात्र छात्राओं व रेड क्रॉस सोसाइटी के सदस्यों ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। सभी प्रतिभागियों ने एड्स जागरूकता के लिए अपने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में निर्णायक की भूमिका महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डॉ अलंकृता सिंह ने निभाई। भाषण प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए गणेश ने प्रथम, अनामिका ने द्वितीय व अजय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।प्रतियोगिता के समापन पर महाविद्यालय के प्राचार्य अवधेश शर्मा, रेड क्रॉस सोसाइटी के प्रभारी डॉ राजेश सिंह व कार्यक्रम आयोजक राष्ट्रीय युवा



स्वयंसेवक तनीशा चावला द्वारा विजेता प्रतिभागियों को मेडल पहनाकर पुरस्कृत किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अवधेश शर्मा ने कार्यक्रम आयोजक का धन्यवाद करते हुए छात्र छात्राओं का उत्साहवर्धन किया और उन्हें स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में आयोजक तनीशा चावला ने बताया कि विकास भवन रूद्रपुर में आगामी आयोजित होने वाले जनपद स्तरीय कार्यक्रम में प्रत्येक ब्लॉक के विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत व सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापक और भारी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# महिलाओं के ऐपण आर्ट के नि:शुल्क प्रशिक्षण का शुभारम्भ

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। महिला एवं बाल विकास मजदूर उत्थान समिति द्वारा घास मंडी आदर्श कॉलोनी वार्ड नंबर 36 में बहुउद्देशीय वित्त एवं विकास निगम लि. द्वारा संचालित अनुसूचित जाति की बेरोजगार महिलाओं को ऐपण आर्ट की निशुल्क ट्रेनिंग का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में वार्ड पार्षद जितेंद्र शर्मा तथा दीपक चराया सहित संस्कार पब्लिक स्कूल के अध्यक्ष राज कुमार, विधान सभा अध्यक्ष बहुजन समाज पार्टी, मेकओवर ब्यूटी पार्लर के डायरेक्टर आंचल खंडेलवाल, गरीब सेवा समिति के अध्यक्ष बलजीत कौर, आस्था जूनियर हाई स्कूल शिव नगर की शिक्षिका शिखा गुप्ता, व सामुदायिक संगठनकर्ता ममता आर्या आदि मौजूद रहे।नगर निगम रुद्रपुर (सुडा अनुभाग) तथा मास्टर ट्रेनर त्रिमूर्ति स्वयं सहायता समूह नंदी दानू द्वारा प्रशिक्षण प्रदान



किया जाएगा। प्रशिक्षण में भाग लेने वाली लगभग 20 महिलाओं को ऐपण आर्ट का प्रशिक्षण दिया जाएगा। अंत में संस्था के सचिन उमेश कुमार ने सभी महिलाओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रशिक्षण में भाग लेने वाली महिलाओं में हिमांशी सागर, संजुल, दीपमाला, अनु सागर, अंशिका सागर, अलका, प्रियंका भारती, रचना, पूजा आर्या, मीनू आर्य, ललिता, गीता आर्य, सपना, शशि सागर, शीतल भारती, दिव्या, मीनाक्षी, जागृति, रवि, मोनिका, साधना कुमारी आदि शामिल हैं।

# स्वयं सहायता समूह को कूड़ा पृथककरण को किया जागरूक

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नगर निगम सभागार में नगर निगम क्षेत्र को स्वच्छ, सुन्दर एवं पॉलीथीन मुक्त बनाने हेतु स्वयं सहायता समूह के माध्यम से सोर्स सेग्रीगेशन से संबंधित एक बैठक का आयोजन नगर आयुक्त की अध्यक्षता में किया गया ।जिसमें पांच स्वयं सहायता समूह को 11, 37, 41, 42, 51, व 52 वार्डों में कूड़ा पृथक्करण के अंतर्गत लोगो को गीला कुडा व सूखा कूड़ा अलग अलग कर कूड़ा वाहनों को देने के लिए जन जागरूकता फैलाने के संबंध मे जानकारी दी गई। इसके साथ साथ स्वयं सहायता समूह द्वारा आवंटित वार्डों मे स्वच्छता से सम्बन्धित सर्वे कार्य करने एवं जनजागरुकता कार्यक्रम हेतु विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। उक्त वार्डो मे कार्यक्रम सफलता पूर्वक चलाए जाने के उपरांत संपूर्ण नगर क्षेत्र में स्वयं सहायता समूह के माध्यम से सोर्स सेग्रीगेशन का कार्य आरम्भ किया जाएगा। बैठक में नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि सम्पूर्ण नगर निगम क्षेत्र में क्षेत्र मे सोर्स सेग्रीगेशन के माध्यम से व्यापक अभियान शुरू कर शहर को पॉलीथीन मुक्त करने की साथ साथ जैविक खाद्य का निर्माण किया जाएगा। कार्यक्रम मे नगर आयुक्त, वरिष्ठ नगर स्वास्थ्य अधिकारी, सिटी मिशन मैनेजर, अर्चना व समूह की समस्त अध्यक्ष कोषाध्यक्ष व सदस्य महिलाएं उपस्थित रही।





क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें–
विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर
निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षों का अनुभव:–
पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार, नि:सन्तान स्त्री–पुरुष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द, किडनी रोग (डायलिसिस से पहले)
लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग
असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।
DR. VIJAY PRAKASH MISHRA
M.D. (Ayurveda)
Mob.: 9410897970
DR. ASHWINI MISHRA
M.D. (Ayurveda)
स्त्री एवं त्वचा रोग
मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं 2, डॉक्टर्स कालोनी
डी 1 डी 2 सिविल लाईन, रुद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड

# गैरसैंण के विधानसभा भवन को बारात घर बताना जनभावनाओं का अपमान : हरीश रावत

## युवा आकांक्षा कार्यक्रम में शामिल हुए पूर्व मुख्यमंत्री, कई मुद्दों पर रखी राय

रामनगर (उद संवाददाता)। रामनगर के पीएनजीपीजी महाविद्यालय में आयोजित 'युवा आकांक्षा कार्यक्रम ख्र युवाओं की बात हरीश रावत के साथ' में उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने शिरकत की। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख मंजू नेगी, ज्येष्ठ ब्लॉक प्रमुख संजय नेगी, पूर्व दर्जा मंत्री पुष्कर दुर्गापाल और छात्रसंघ पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया। इस दौरान हरीश रावत ने कहा कि युवा आकांक्षा एक महत्वपूर्ण विषय है और वह युवाओं के सुझावों व समस्याओं को समझने के लिए यहां पहुंचे हैं। उन्होंने विशेष रूप से 40 से 45 वर्ष की आयु वाले उस युवा वर्ग की अपेक्षाओं पर ध्यान देने की आवश्यकता जताई जो वर्तमान में निराशा का सामना कर रहा है।संबोधन और मीडिया से बातचीत के दौरान हरीश रावत ने बदरी केदार मंदिर समिति द्वारा गैर हिंदुओं के प्रवेश पर रोक के प्रस्ताव को केवल प्रचार का हिस्सा बताया। उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रचार तंत्र ऐसे मुद्दों को उठाकर सनातन धर्म की उदार छवि को नुकसान पहुँचाने का प्रयास कर रहा है। पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज द्वारा गैरसैंण विधानसभा भवन को बारात घर के रूप में उपयोग करने के बयान पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि यदि




ऐसा ही करना है तो उसे बारात घर नहीं बल्कि सत्संग भवन बना देना चाहिए। उन्होंने कहा कि गैरसैंण से राज्य के करोड़ों लोगों की भावनाएं जुड़ी हुई हैं और इसे पर्यटन स्थल या अन्य उपयोग के लिए बताना समझ का दिवालियापन है।पूर्व मुख्यमंत्री ने रामनगर और नैनीताल सहित दूर दराज के क्षेत्रों में हो रही गैस की किल्लत पर भी गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि पर्यटन सीजन के दौरान गैस की कमी से न केवल आम उपभोक्ता बल्कि होटल और पर्यटन व्यवसायी भी प्रभावित हो रहे हैं, इसलिए राज्य सरकार को इस मामले में तुरंत सक्रिय होना चाहिए। अपने पुत्र आनंद रावत के रामनगर से चुनाव लड़ने की संभावनाओं पर उन्होंने कहा कि अभी यह तय नहीं है कि आनंद रावत कहां से चुनाव की तैयारी करेंगे। कार्यक्रम के दौरान आनंद रावत और अन्य युवा साथियों ने पूर्व मुख्यमंत्री का स्वागत किया और युवाओं के भविष्य को लेकर मार्गदर्शन प्राप्त किया।

# घरेलू गैस सिलेंडर का व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में उपयोग न करें : नितिन

किच्छा। देवभूमि व्यापार मंडल के महामंत्री नितिन फुटेला ने नगर के सभी व्यापारियों से अपील करते हुए कहा है कि होटल, ढाबा और रेस्टोरेंट संचालक अपने प्रतिष्ठानों में घरेलू गैस सिलेंडरों का उपयोग न करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि घरेलू गैस सिलेंडर केवल घरेलू उपयोग के लिए ही निर्धारित हैं और इन्हें व्यावसायिक कार्यों में प्रयोग करना नियमों के विरुद्ध है।महामंत्री नितिन फुटेला ने बताया कि जिलाधिकारी ऊधम सिंह नगर द्वारा भी स्पष्ट किया गया है कि जिले में गैस सिलेंडरों की कोई कमी नहीं है। ऐसे में व्यापारियों को अपने प्रतिष्ठानों के लिए व्यावसायिक गैस सिलेंडर का ही उपयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि नियमों का पालन करना सभी व्यापारियों की जिम्मेदारी है, जिससे किसी प्रकार की कार्रवाई या असुविधा से बचा जा सके।उन्होंने आगे कहा कि प्रशासन द्वारा जल्द ही होटल, रेस्टोरेंट और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में



सघन चेकिंग अभियान चलाया जा सकता है। यदि किसी प्रतिष्ठान में घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग पाया जाता है तो संबंधित संचालक के खिलाफ कार्रवाई भी की जा सकती है।नितिन फुटेला ने नगर के सम्मानित व्यापारियों से अपील करते हुए कहा कि वे प्रशासन के निर्देशों का पालन करें और अपने प्रतिष्ठानों में केवल व्यावसायिक गैस सिलेंडर का ही उपयोग करें। इससे न केवल नियमों का पालन सुनिश्चित होगा, बल्कि भविष्य में किसी भी प्रकार की कानूनी कार्रवाई से भी बचाव संभव हो सकेगा।व्यापार मंडल ने सभी व्यापारियों से सहयोग की अपेक्षा करते हुए कहा कि नियमों के पालन से ही नगर में व्यवस्थित और सुरक्षित व्यापारिक वातावरण बना रह सकता है।

# पुलिस ने दो वारंटियों को किया गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार जनपद में वारंटियों और वांछित अभियुक्तों के विरुद्ध चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान के तहत कोतवाली रूद्रपुर पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में फरार चल रहे वारंटियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस टीम ने दोनों अभियुक्तों को आवश्यक वैधानिक कार्यवाही के बाद माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।चौकी बगवाड़ा पुलिस ने पहली कार्यवाही में फौजी वाद संख्या 2361/2018, जो कि धारा 279/304। (सड़क दुर्घटना में मृत्यु) के तहत पंजीकृत था, से संबंधित वारंटी कमलजीत सिंह पुत्र जगजीत सिंह को गिरफ्तार किया। मूल रूप से लखीमपुर खीरी (उत्तर प्रदेश) निवासी कमलजीत



सिंह वर्तमान में किच्छा के चकोनी ग्राम में रह रहा था। पुलिस ने उसे शिमला पिस्तौर स्थित उसकी कंपनी श्बीके पैकेजिंगश से दबोचा।वहीं, दूसरी कार्यवाही में पुलिस ने केस संख्या 39/2024, धारा 504/506 (गाली-गलौज और धमकी) से संबंधित वारंटी अरविंद शर्मा पुत्र जगत स्वरूप शर्मा को बगवाड़ा क्षेत्र से गिरफ्तार किया। अरविंद शर्मा प्रीतनगर मलसी का निवासी है। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक मोहन चन्द्र जोशी, कांस्टेबल ललित मोहन और कांस्टेबल नवीन गिरी शामिल रहे। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली रूद्रपुर ने बताया कि न्यायालय से जारी गैर जमानती वारंटों के अनुपालन में यह अभियान आगे भी जारी रहेगा ताकि लंबे समय से फरार चल रहे अपराधियों को कानून के दायरे में लाया जा सके।

# एसडीएम ने ली गैस एजेंसी संचालकों की बैठक

रामनगर (उद संवाददाता)। रामनगर शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में पिछले कुछ दिनों से चर्चा में बनी गैस की किल्लत को लेकर गुरुवार को उपजिलाधिकारी गोपाल सिंह चौहान ने सभी गैस एजेंसी संचालकों की महत्वपूर्ण बैठक ली। एसडीएम ने स्पष्ट किया कि रामनगर क्षेत्र की पांचों गैस एजेंसियों में सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है और आपूर्ति को लेकर कोई संकट नहीं है। उन्होंने जनता से किसी भी प्रकार के बहकावे में न आने की अपील करते हुए बताया कि केवल गैस बुकिंग सॉफ्टवेयर में कुछ तकनीकी समस्या आ रही है, जिसे दूर करने के लिए इंडियन ऑयल कंपनी के नोडल अधिकारियों से वार्ता की जा रही है।बैठक के दौरान एसडीएम गोपाल सिंह चौहान ने निर्देश दिए कि यदि सर्वर की समस्या अगले एक-दो दिन में ठीक नहीं होती है, तो उपभोक्ताओं को मैनुअल तरीके से गैस उपलब्ध कराने हेतु जिलाधिकारी और जिला पूर्ति अधिकारी से अनुमति ली जाएगी। उन्होंने कड़े लहजे में कहा कि गैस का वितरण गोदामों से न कर पूर्व की भांति केवल होम डिलीवरी के माध्यम से ही किया जाए। उपभोक्ताओं को भी सिलेंडर लेने के लिए गोदामों पर भीड़ न लगाने का सुझाव दिया गया है। पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित



करने के लिए सभी संचालकों को वितरण वाहनों में तत्काल जीपीएस सिस्टम लागू करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि रिफिलिंग और कालाबाजारी पर पूर्ण अंकुश लगाया जा सके।

# सिक्स सिग्मा के छात्र-छात्राओं का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सिक्स सिग्मा इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस में नर्सिंग विभाग द्वारा जी.एन.एम. एवं बी.एस.सी. नर्सिंग प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं हेतु ओथ टेकिंग सेरेमनी (शपथ ग्रहण समारोह) का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नवागंतुक छात्र-छात्राओं ने मानव सेवा और अपने कर्तव्यों के प्रति पूर्ण निष्ठा से समर्पित रहने की शपथ ली। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सीएमओ (ऊधम सिंह नगर) डॉ. के.के. अग्रवाल, राजकीय मेडिकल कॉलेज की प्राचार्य डॉ. ऊषा रावत, संस्थान के अध्यक्ष राजेश डावर और प्रबंध निदेशक सीए शिव अरोरा ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया।समारोह को संबोधित करते हुए सीएमओ डॉ. के.के. अग्रवाल ने छात्र-छात्राओं को फ्लोरेंस नाइटिंगल के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार दीपक स्वयं जलकर दूसरों को प्रकाश देता है, उसी प्रकार नर्सिंग स्टाफ को भी समाज और राष्ट्र के स्वास्थ्य के लिए ज्योति बनकर कार्य करना चाहिए। राजकीय मेडिकल कॉलेज की प्राचार्य डॉ. ऊषा रावत ने छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए नर्सिंग पेशे की गरिमा को बनाए रखने पर जोर दिया। संस्थान के प्रबंध निदेशक सीए शिव अरोरा और निर्देशिका डॉ. सीमा अरोरा ने कहा कि संस्थान हमेशा छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए सराहनीय प्रयास करता रहेगा।प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट अधिकारी रजत धवन ने राष्ट्र के विकास में नर्सिंग स्टाफ की अहम भूमिका को साझा किया। कार्यक्रम को और अधिक रोमांचक बनाने के लिए छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिन्होंने दर्शकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष प्रीत ग्रोवर, मैनेजमेंट मेंबर वंश डावर, शौर्य अरोरा, प्रधानाचार्य डॉ. ललित सिंह बिष्ट, नर्सिंग प्रधानाचार्य डॉ. विवेक त्रिवेदी, डॉ. प्रकाश पंत, मुकेश कुमार, अनुभव बाठला, बबीता यादव, पूजा रानी सहित समस्त शिक्षक व स्टाफ मौजूद रहा।

## पेज एक का शेष...

**सदन में गूंजा मिलावटखोरी...**विचाराधीन हैं। मंत्री ने घोषणा की कि देहरादून में खाद्य पदार्थों की आधुनिक टेस्टिंग लैब तैयार हो चुकी है, जिसका उद्घाटन 31 मार्च 2026 से पहले कर दिया जाएगा। विधायक प्रेमचंद अग्रवाल और विनोद चमोली ने केवल त्योहारों पर जांच और स्थानीय निकायों से खाद्य परीक्षण का अधिकार छीनने पर चिंता जताई, जिस पर मंत्री ने विचार करने का आश्वासन दिया। सदन में स्वास्थ्य सेवाओं पर चर्चा के दौरान अल्मोड़ा विधायक मनोज तिवारी और वीरेंद्र जाती ने गोल्डन कार्ड का मुद्दा उठाया। सरकार ने स्वीकार किया कि प्रदेश के 37 हजार कर्मचारियों का गोल्डन कार्ड के तहत 168 करोड़ रुपये का भुगतान अभी लंबित है। वहीं, डोईवाला विधायक के कैंसर अस्पताल संबंधी सवाल पर स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि हर्रावला (देहरादून) में 125 करोड़ की लागत से बन रहे कैंसर अस्पताल का 90 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। साथ ही, कैंसर को नोटिफाई करने के लिए नई गाइडलाइन भी जल्द जारी की जाएगी। प्रश्नकाल के दौरान काजी निजामुद्दीन ने प्रदेश की भौगोलिक संवेदनशीलता और भूकंप सेंसरों पर सवाल किया। संसदीय कार्यमंत्री ने बताया कि राज्य में 169 स्थानों पर सेंसर लगाए जा चुके हैं और 500 नए सेंसर लगाने की योजना है। अब तक इन पर 115 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं। सत्र के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने गोद लिए गांव सारकोट का जिक्र करते हुए विपक्षी विधायकों को वहां भ्रमण करने का न्योता दिया। सीएम ने चुटकी लेते हुए कहा कि शायद पहाड़ की पगडंडियों पर चलने में दिक्कत न हो, इसलिए समय निकालकर गांव की व्यवस्थाएं जरूर देखें।

**धामी की दोटूक...**कहा कि मानसखंड केदार खंड के मंदिरों देवालयों के संरक्षण के काम शुरू किए गए है। जमुना घाट का निर्माण हो रहा है आगे भव्य कुंभ की तैयारी भी जा रही है। सीएम धामी ने विधानसभा में दिए अपने भाषण में स्पष्ट कर दिया कि वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राष्ट्रवाद और सनातन के एजेंडे पर कार्य करते रहे है और आगे भी करते रहेंगे। उन्होंने अपने भाषण में भी कहा कि उनकी सरकार राष्ट्रवाद पर चल रही है और सनातन के संरक्षण के साथ चल रही है। उन्होंने न सिर्फ विपक्ष को एक संदेश दे दिया कि तुष्टिकरण की राजनीति नहीं चलेगी । सीएम धामी ने शासन प्रशासन की उस नौकरशाही को भी इशारा कर दिया कि वे क्या चाहते है और सरकार की नीति क्या है?

**गैस के लिए नहीं...**अधिकारियों को चेताया कि यदि जल्द ही वितरण व्यवस्था दुरुस्त नहीं की गई तो जनता का आक्रोश सड़कों पर नजर आएगा। उन्होंने विशेष रूप से ऑनलाइन बुकिंग न होने और सर्वर की समस्याओं को लेकर भी अधिकारियों के सामने कड़ी आपत्ति दर्ज कराई। पूर्व विधायक से वार्ता के बाद तहसीलदार दिनेश कुटौला आनन-फानन में गैस एजेंसी पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। तहसीलदार ने भीड़ को शांत कराते हुए आश्वासन दिया कि जनपद में गैस का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है और किल्लत जैसी कोई स्थिति नहीं है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग पैनिक होकर आवश्यकता से अधिक सिलेंडर लेने के लिए गोदाम पहुंच रहे हैं, जिससे अनावश्यक भीड़ और अव्यवस्था पैदा हो रही है। उन्होंने उपभोक्ताओं से धैर्य बनाए रखने की अपील की। हंगामे के बाद पुलिस की मौजूदगी में सिलेंडर वितरण कराया गया। इस दौरान ठुकराल भी घंटों तक मोके पर ही मौजूद रहे।

**पहले आओ पहले पाओ...**व गैस गोदामों में लाईन लगाने की कतई जरूरत नही है। जिलाधिकारी ने कहा जन समान्य को घरेलू गैस उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होने सभी उप जिलाधिकारियों को गैस वितरण पर पैनी नजर रखने के निर्देश दिये तथा गैस गोदामों व वितरण केन्द्रों पर प्रशासन, पुलिस की टीमे तैनात करने के साथ ही क्यूआरटी टीमें लगाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि गैस से सम्बन्धित शिकायतों एवं उनके निस्तारण हेतु जनपद स्तर पर जिला आपदा कार्यालय में कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जिसमे जिला पूर्ति अधिकारी व जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। कन्ट्रोल रूम का टेलीफोन नम्बर 05944-250250, 250500, टोल फ्री नम्बर 18002333555 संचालित है। उन्होने कहा कि रूद्रपुर व काशीपुर शहर में गैस पाईप लाइन कनेक्शन दिये जा रहे है, जो भी व्यक्ति गैस पाइप लाईन कनेक्शन लेना चाहते है वे 7206413402, 7978216713, 9084897398 व 9997362038 से सम्पर्क कर गैस कनेक्शन ले सकते है। इस दौरान जिलाधिकारी ने आपदा कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण भी किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति ने कहा कि सभी गैस गोदामों व वितरण केन्द्रों पर प्रशासन के साथ पुलिस तैनात कर दी गयी है। उन्होने कहा कि अफवाहों पर विश्वास न करें, अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। उन्होने कहा कि यदि कही पर भी गैस कालाबाजारी की सूचना मिलती है तो थाना, चौकी अथवा कन्ट्रोल रूम में सूचना दे ताकि सम्बन्धित के खिलाफ तत्काल कार्यवाही की जा सकें। बैठक में अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, डीएफओ हिमांशु बागरी, यूसी तिवारी, प्रकाश आर्या, जिला पूर्ति अधिकारी विनोद तिवारी, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी उमाशंकर नेगी आदि मौजूद थे व सभी उप जिलाधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी आदि वर्चुअल माध्यम से जुडे थे।

**हर गैस गोदाम पर ...**आदेशानुसार प्रत्येक क्षेत्र में एक त्वरित कार्यवाही दल (क्यूआरटी) का गठन किया गया है। इस टीम में क्षेत्रीय उप जिलाधिकारी अध्यक्ष के रूप में रहेंगे, जबकि पुलिस क्षेत्राधिकारी, खाद्य विभाग और नगर निकाय के अधिकारी सदस्य होंगे। यह विशेष टीम नियमित और आकस्मिक रूप से गैस एजेंसियों और गोदामों का निरीक्षण करेगी। एसएसपी ने स्पष्ट किया कि जो भी व्यक्ति अवैध रिफिलिंग या कालाबाजारी में लिप्त पाया जाएगा, उसके विरुद्ध तत्काल कठोर कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। गैस गोदामों पर सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए एसएसपी ने प्रत्येक गोदाम पर एक पुलिस कर्मी के साथ राजस्व कर्मी या पटवारी की तैनाती सुनिश्चित की है। यह ड्यूटी दो पालियों में सुबह 7 बजे से शाम 7 बजे तक रहेगी, ताकि आम जनता को बिना किसी असुविधा के गैस सिलेंडर प्राप्त हो सकें। तैनात पुलिस बल वितरण के दौरान भीड़ को नियंत्रित करने और सुचारू आपूर्ति बनाए रखने में सहयोग करेगा। एसएसपी अजय गणपति ने जनता से अपील करते हुए शरारती तत्वों को सख्त चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया या अन्य माध्यमों से गैस की किल्लत को लेकर भ्रामक अफवाहें फैलाकर जनता में डर पैदा करने वालों को चिन्हित किया जा रहा है। ऐसे तत्वों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने जनपदवासियों को विश्वास दिलाया कि आवश्यक वस्तुओं की सुचारू आपूर्ति पुलिस और प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

**हादसे में बाइक सवार...**चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। संजीव की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने मृतक संजीव के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। परिजनों ने बताया कि मृतक संजीव तीन भाईयों व एक बहन में सबसे छोटा था। वह विवाह समारोह में डेकोरेशन का काम करता था। जबकि उसके पिता मजदूरी का काम करते हैं। उसका करीब दो माह पूर्व ही विवाह हुआ है।

**एसबीआई कर्मचारी...**धोखाधड़ी का एहसास होने पर पीड़ित ने तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर अपनी शिकायत दर्ज कराई। अब इस मामले में साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन कुमांयू परिक्षेत्र में औपचारिक रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस अधिकारियों ने जनता से अपील की है कि किसी भी अज्ञात व्यक्ति द्वारा भेजी गई एपीके फाइल को डाउनलोड न करें और न ही फोन पर अपने कार्ड की गोपनीय जानकारी साझा करें। पुलिस अब तकनीकी सर्विलांस के जरिए आरोपी तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड, रुद्रपुर, ऊधमसिंहनगर (उत्तराखण्ड) से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# नीति आयोग की टीम ने किया गदरपुर में विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण

## केंद्र सरकार के अधिकारियों ने शिक्षा स्वास्थ्य और आजीविका से जुड़ी योजनाओं की प्रगति को सराहा

गदरपुर (उद संवाददाता)। नीति आयोग भारत सरकार द्वारा चयनित आकांक्षी ब्लॉक गदरपुर में विभिन्न विकास योजनाओं के संतृप्तिकरण की स्थिति जानने के लिए केंद्रीय टीम ने स्थलीय निरीक्षण किया। निदेशक कोयला मंत्रालय भारत सरकार दीपक गोयल और डिप्टी सेक्रेटरी डिफेंस भारत सरकार संजय कुमार की टीम ने बुधवार को गदरपुर का भ्रमण कर शिक्षा, स्वास्थ्य, टीकाकरण और पोषण जैसे मानकों पर किए जा रहे कार्यों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान टीम ने रजपुरा नंबर 02 में मलकीत डेरी एवं ब्रीड मल्टीप्लिकेशन फार्म, राजकीय प्राथमिक विद्यालय रजपुरा और आंगनबाड़ी केंद्र रजपुरा नंबर 1 का अवलोकन किया। अधिकारियों ने विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि योजनाओं का समुचित लाभ मिलने से आकांक्षी ब्लॉक के परिवारों का जीवन स्तर बेहतर होगा और वे मुख्यधारा से जुड़ सकेंगे।केंद्रीय टीम ने गदरपुर स्थित अक्षयपात्र किचन और आदर्श नगर स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर का भी निरीक्षण किया। इसके साथ ही टीम ने नारायणपुर में विशाल मण्डल द्वारा संचालित वर्मी कम्पोस्ट इकाई, पुष्प उत्पादन और मत्स्य पालन कार्यों को देखा तथा ग्राम पिपलिया में अमृत सरोवर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने लाभार्थियों से सीधे संवाद कर योजनाओं के जमीनी क्रियान्वयन की जानकारी ली। मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी ने टीम को आकांक्षी विकास खंड में संचालित योजनाओं और उनके क्रियान्वयन की प्रगति के बारे में विस्तार से अवगत कराया। नीति आयोग के निर्देशों के अनुसार 14 अप्रैल 2026 तक निर्धारित छह प्रमुख संकेतकों में ब्लॉक को पूर्ण रूप से संतृप्त करने का लक्ष्य रखा गया है।इस महत्वपूर्ण निरीक्षण के दौरान मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ आशुतोष जोशी, मुख्य कृषि अधिकारी डॉ वीके यादव, मुख्य उद्यान अधिकारी एसके शर्मा और अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ एसपी सिंह उपस्थित रहे। साथ ही सहायक निदेशक मत्स्य संजय छिमवाल, मुख्य शिक्षा अधिकारी हरेन्द्र मिश्रा, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी नफील जमील, जिला कार्यक्रम अधिकारी मुकुल चौधरी और खंड विकास अधिकारी आतिया परवीन ने भी टीम को विभागीय प्रगति की जानकारी दी। केंद्रीय टीम ने ब्लॉक में चल रहे स्वरोजगार और बुनियादी सुविधाओं के विकास कार्यों को आदर्श बताते हुए अधिकारियों को निरंतर निगरानी के निर्देश दिए।





# श्रीकृष्ण जन्म व कंस वध का हुआ भावपूर्ण वर्णन

गदरपुर। नगर में आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण कथा में परम पूजनीय संत त्याग पूरी जी महाराज, संत ध्यान पूरी जी एवं संत व्यास पूरी जी ने कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण के जन्म से लेकर कंस वध तक की लीलाओं का भजनों के माध्यम से भावपूर्ण वर्णन किया। कथा के दौरान श्रीकृष्ण जन्म की सुंदर झांकी प्रस्तुत की गई, जिसे देखकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे और पूरा वातावरण कृष्णमय हो गया।संतों ने कथा में बताया कि कंस अपनी बहन देवकी से बहुत प्रेम करता था, लेकिन आकाशवाणी के बाद भय के कारण उसने देवकी और उनके पति वासुदेव को कारागार में बंद कर दिया। देवकी से उत्पन्न होने वाली प्रत्येक संतान को कंस ने एक-एक कर मार डाला। जब आठवीं संतान के रूप में भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ तो वासुदेव जी उन्हें टोकरी में रखकर उफनती यमुना नदी पार कर गोकुल में नंद बाबा के घर छोड़ आए और वहां उसी दिन जन्मी कन्या को लेकर वापस कारागार में आ गए। कथा के दौरान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की भव्य झांकी निकाली गई। श्रद्धालुओं ने भजनों के साथ भगवान श्रीकृष्ण के जन्म का उत्सव मनाया और संतों के चरणों में माथा टेककर आशीर्वाद प्राप्त किया।इस अवसर पर अशोक बजाज, सुरेंद्र मिंगलानी, अतुल मिंगलानी, हंसराज ग्रोवर, विजय शर्मा, राकेश सुखीजा, पप्पू कम्बोज, चन्नू कम्बोज, सुशील बजाज, नीशू मिंगलानी, केवल खुखर, कृष्ण लाल अरोड़ा, वेद प्रकाश टकराल, दर्पण ठुकराल, अजय ग्रोवर, राजू मुंजाल, सीमा मिंगलानी, राखी बजाज, वीना अरोड़ा, ममता रानी, सरोजनी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।




# टुक-टुक चालक को हथौड़ी से पीटा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैंप थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक टुक-टुक चालक को सरेराह घेरकर दबंगों द्वारा बुरी तरह पीटने का मामला सामने आया है। हमले में चालक के चेहरे और शरीर पर गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर नामजद आरोपी और उसके एक अन्य साथी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। विवेक नगर वार्ड नंबर-08 निवासी किशन पाल पुत्र सोमपाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह पेशे से टुक-टुक चालक है। बुधवार शाम लगभग 5:00 बजे वह अपने टुक-टुक में दक्ष चौराहे से तीन पानी डाम के लिए सवारियां लेकर जा रहा था। इसी दौरान जैसे ही वह साक्षी पुरम कॉलोनी के पास पहुंचा, वहां पहले से मौजूद गाँधी कॉलोनी वार्ड नंबर-10 निवासी गुलफान खान पुत्र इशरत खान ने अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर उसे जबरन घेर लिया।पीड़ित का आरोप है कि हमलावरों ने उसे रोकते ही मां-बहन की भद्दी-भद्दी गालियां देनी शुरू कर दीं। जब उसने विरोध किया तो आरोपियों ने बिना किसी बात के उसे लात-घूसों और हथौड़ी से बुरी तरह पीटना शुरू कर दिया। इस हिंसक हमले में किशन पाल के मुंह पर खुली चोट आई है और शरीर के अन्य हिस्सों में भी गंभीर गुम चोटें लगी हैं। जाते-जाते हमलावरों ने उसे सरेआम धमकी दी कि यदि वह दोबारा उन्हें मिला तो वे उसे जान से मार देंगे।घटना के बाद लहूलुहान अवस्था में पीड़ित ने कोतवाली ट्रांजिट कैंप पहुंचकर आपबीती सुनाई और लिखित तहरीर दी। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर ली है। थाना पुलिस का कहना है कि आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# एसएसपी ने 10 उपनिरीक्षकों के कार्यक्षेत्र बदले, कई चौकी प्रभारियों के तबादले

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) अजय गणपति ने जनपद की कानून व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ और चुस्त-दुरुस्त बनाने के उद्देश्य से पुलिस महकमे में बड़ा फेरबदल किया है। एसएसपी ने तत्काल प्रभाव से 10 उपनिरीक्षकों के स्थानांतरण कर उन्हें नई जिम्मेदारियां सौंपी हैं। इस फेरबदल में कई चौकी प्रभारियों को बदला गया है, जबकि पुलिस लाइन में तैनात अधिकारियों को फील्ड में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां दी गई हैं। जारी सूची के अनुसार, पुलिस लाइन में तैनात दिनेश भट्ट को प्रभारी चौकी बरा बनाया गया है, जबकि सुल्तानपुर पट्टी चौकी प्रभारी दीपक कौशिक को डीसीआरबी शाखा भेजा गया है। उनके स्थान पर पुलिस लाइन से मनीष खत्री को सुल्तानपुर पट्टी चौकी का नया



प्रभारी नियुक्त किया गया है। बन्नाखेड़ा चौकी प्रभारी अशोक काण्डपाल को कोतवाली रूद्रपुर स्थानांतरित किया गया है, जबकि उनकी जगह पुलिस लाइन से सुरेन्द्र सिंह खड़ायात को बन्नाखेड़ा चौकी की कमान सौंपी गई है। इसी क्रम में, कोतवाली आईटीआई से मोज सिंह धौनी को प्रभारी चौकी कुण्डेश्वरी बनाया गया है। कुण्डेश्वरी के वर्तमान प्रभारी चन्दन सिंह बिष्ट को प्रभारी चौकी रम्पुरा की जिम्मेदारी दी गई है। रम्पुरा चौकी प्रभारी कविन्द्र शर्मा को अब गढ़ीनेगी चौकी का प्रभारी बनाया गया है। वहीं, सरकड़ा चौकी प्रभारी पंकज कुमार को कोतवाली आईटीआई भेजा गया है और गढ़ीनेगी के प्रभारी दीपक तिवारी को अब सरकड़ा चौकी का नया प्रभारी नियुक्त किया गया है। एसएसपी ने सभी स्थानांतरित अधिकारियों को तत्काल अपने नवीन तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए हैं।

# श्रद्धालुओं का दल पावन ज्योति लेने रवाना

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी पावन नवरात्र पर्व पर मां की पावन ज्योति का स्वरूप लाने के लिए श्रद्धालुओं का दल श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर से रवाना हुआ। श्री सनातन धर्म सभा, रूद्रपुर के अध्यक्ष महेश बब्बर ने बतााया कि श्रद्धालु आगामी 18 मार्च को पावन ज्योति लेकर वापस लौटेंगे। उनका नगर आगमन पर भव्य स्वागत किया जायेगा। पावन ज्योति को श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में विधि विधान से स्थापित किया जायेगा। 19 मार्च से प्रारम्भ हो रहे पावन नवरात्र में सभी भक्त मंदिर में पावन ज्योति के दर्शन कर आर्शीवाद प्राप्त करेंगे। उन्होंने बताया कि नवरात्र पर्व पर दिन में मंदिर में भजन कीर्तन के साथ ही रोजाना रात्रि में मां की चौकी का आयोजन भी किया जायेगा। उन्होंने सभी भक्तों से नवरात्र पर्व में परिवार सहित मंदिर में आकर मां की पावन ज्योति के दर्शन कर आर्शीवाद प्राप्त करने का आहवान किया है। इस मौके पर ओमप्रकाश अरोरा, नन्दलाल भुड्डी, आकांशा अनेजा, वेद ठुकराल, आनन्द कुमार, राकेश सुखीजा, राकेश राजदेव, विजय विरमानी, बीना बत्रा, ललिता कक्कड़, वेद प्रकाश कक्कड़, अश्वनी दुनेजा, कर्मचन्द्र राजदेव, आदि श्रद्धालु मौजूद थे। सभी श्रद्धालुओं को मां के जयकारों के साथ रवाना किया गया।



# छह महिलाओं के खिलाफ मारपीट और लूट का मुकदमा दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जगतपुरा मुखर्जी नगर में एक महिला के घर में घुसकर मारपीट करने, सोने के जेवर छीनने और नकदी लूटने के मामले में अदालत के हस्तक्षेप के बाद ट्रांजिट कैंप पुलिस ने छह नामजद महिलाओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। घटना के बाद पुलिस द्वारा कार्रवाई न किए जाने पर पीड़िता ने न्यायालय की शरण ली थी, जिसके बाद अब पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।जगतपुरा मुखर्जी नगर निवासी शीला मंडल पत्नी विभूति मंडल ने न्यायालय में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि 26 जनवरी 2026 की दोपहर वह अपने घर पर मौजूद थी। तभी अचानक संजय नगर खेड़ा निवासी नमिता सरकार, अर्पणा सरकार, कल्पना मंडल और दिनेशपुर क्षेत्र की रहने वाली पुष्पा मंडल, दीपाली व मोरी उनके घर में जबरन घुस आईं। आरोप है कि घर में घुसते ही इन महिलाओं ने शीला मंडल और उनके पुत्र बादल मंडल के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर उक्त महिलाओं ने पीड़िता को जमीन पर पटक कर निर्दयतापूर्वक पीटा और बचाव में आए उनके पुत्र के साथ भी मारपीट की।पीड़िता का आरोप है कि मारपीट के दौरान हमलावर महिलाओं ने उनके कान से सोने की बालियां खींच लीं और घर में रखी ड्रेसिंग टेबल से 50 हजार रुपये की नकदी जबरन निकाल ली। जाते समय आरोपियों ने शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता ने बताया कि घटना के बाद उन्होंने थाना ट्रांजिट कैंप और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र दिया था, लेकिन कोई कानूनी कार्रवाई नहीं हुई। अंततः न्यायालय के आदेश पर अब पुलिस ने नमिता सरकार, अर्पणा सरकार, कल्पना मंडल, पुष्पा मंडल, दीपाली और मोरी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। थाना पुलिस का कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# तमंचे के साथ घूम रहा युवक गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। कोतवाली पुलिस ने चेकिंग के दौरान बगवाड़ा क्षेत्र से एक युवक को अवैध तमंचे और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया युवक टशनबाजी के लिए अपने पास हथियार रखकर घूम रहा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, मंगलवार देर रात बगवाड़ा चौकी प्रभारी सुरेंद्र रिंगवाल पुलिस टीम के साथ मंडी गेट के पास संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान बगवाड़ा भट्टा की ओर से पैदल आ रहा एक युवक पुलिस टीम को देखकर सकपका गया और पकड़े जाने के डर से चंद्रपाल की पार्किंग में भागने लगा। पुलिस टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए घेराबंदी कर युवक को पार्किंग के भीतर ही दबोच लिया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम सुमित उर्फ बंगाली पुत्र हरिश्चंद्र अधिकारी, निवासी वार्ड नंबर-14 भदईपुरा (रूद्रपुर) बताया। पुलिस ने जब उसकी तलाशी ली तो उसके लोअर की दाहिनी ओर कमर में लगा हुआ एक अवैध तमंचा (315 बोर) बरामद हुआ। साथ ही उसकी जेब से एक जिंदा कारतूस भी मिला। जब पुलिस ने युवक से भागने का कारण और हथियार के बारे में पूछा, तो उसने बताया कि वह अपने दोस्तों के साथ पार्टी में गया था, जहां टशनबाजी दिखाने के लिए उसने दोस्तों से एक-दो दिन के लिए यह तमंचा मांग लिया था। युवक ने मौके पर हथियार का कोई लाइसेंस या वैध दस्तावेज पेश नहीं किया।चौकी प्रभारी सुरेंद्र रिंगवाल ने बताया कि आरोपी सुमित की उम्र करीब 19 वर्ष है। पुलिस ने बरामद तमंचे और कारतूस को सील कर कब्जे में ले लिया है और आरोपी के खिलाफ धारा 3/25 आयुध अधिनियम के तहत कानूनी कार्यवाही की गई है। पुलिस अब यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि आरोपी को हथियार देने वाले उसके दोस्त कौन हैं।